**ठाणे - मुंबई से प्रकाशित**

शुक्रवार, 23 मई 2025

वर्ष - 18, अंक-156

मुल्य-2, पृष्ठ-8

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

www.tarunmitra.in

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

संपादक- स्वतंत्र कुमार

e-mail-tarun.thana@gmail.com

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार से प्रकाशित




# सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया, 22 अप्रैल का बदला, 22 मिनट में ले लिया : पीएम मोदी

एजेंसी, बीकानेर

पाकिस्तान के सबक सीखने वाले ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पीएम मोदी गुरुवार को बीकानेर पहुंचे। पीएम मोदी ने 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। पहलगाम में चली गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों की छाती छलनी हो गई थी। सभी ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देना है। और आज हम अपने प्रण में सफल हुए हैं। हमारी तीनों सेनाओं ने 22 मिनट में आतंकियों के 9 बड़े ठिकाने ध्वस्त कर दिए। पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। दुश्मन और दुनिया ने देखा कि सिंदूर जब बारूद बन जाता है तो क्या नतीजा होता है। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों से कहता हूं जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज कतरे-कतरे का हिसाब चुकाया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा। आज वो घरों में दुबके पड़े हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते हैं, आज वो मलबे के ढेर में दबे हुए है। मेरे प्यारे देशवासियों, ये शोध-प्रतिशोध का खेल नहीं, ये न्याय का नया स्वरूप है। ये ऑपरेशन सिंदूर है। ये सिर्फ आक्रोश नहीं है। ये समस्त भारत का रौद्र रूप है। ये भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर किया था वार। अब सीधा सीने पर किया प्रहार है। आतंक का फन कुचलने की यही नीति है, यही रीति है। यही भारत है, नया भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया कि जब सिंदूर, बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। मैं जब एयरस्ट्राइक के बाद आया था, तब मैंने कहा था कि सौगंध मुझे इस मिट्टी की मैं देश नहीं मिटने दूंगा। मैं देश नहीं झुकने दूंगा। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में जो तिरंगा यात्राओं का हुजूम चल रहा है। उन्होंने कहा कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और ये कीमत पाकिस्तान की सेना चुकाएगी, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। जब मैं दिल्ली से यहां आया तो बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पर उतरा। पाकिस्तान ने इस एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी लेकिन वो इस एयरबेस को रत्तीभर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया।

**बीकानेर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा**



## एटम बम की भभकियों से भारत डरने वाला नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हम आतंक के आकाओं और आतंकी सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे। पाकिस्तान का ये स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर वाला खेल अब नहीं चलेगा। आपने देखा होगा, पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए हमारे देश के सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल विश्वभर में पहुंच रहे हैं। इसमें देश के समस्त राजनीतिक दलों के लोग हैं। अब पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई जीत भी नहीं सकता। जब भी सीधी लड़ाई होती है, तो बार-बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ती है। इसलिए पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया है। आजादी के बाद पिछले कई दशकों से यही चला आ रहा है। पाकिस्तान आतंक फैलाता था, निर्दोष लोगों की हत्या करता था। भारत में डर का माहौल बनाता था लेकिन पाकिस्तान एक बात भूल गया। अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है लेकिन लहू गर्म बहता है।

# धुले कैश कांड की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का फैसला : सीएम फडणवीस



तरुणमित्र ब्यूरो, मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि धुले में विधानमंडल की समिति पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी गठित की जाएगी, क्योंकि यह एक गंभीर घटना है। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच की जाएगी कि पैसे कहां से आए और क्या किसी ने इसकी मांग की थी। महाराष्ट्र विधानमंडल के प्रवक्ता नीलेश मदाने ने बताया कि विधानपरिषद के सभापति राम शिंदे ने विधानमंडल की प्राक्कलन समिति पर रिश्वतखोरी के आरोप लगने के बाद आरोपित अधिकारी किशोर पाटील को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने बुधवार रात को 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि जब विधानमंडल की प्राक्कलन समिति ने बुधवार को धुले जिले का दौरा किया, तब समिति को रिश्वत देने के लिए धुले के सरकारी विश्राम गृह गुलमोहर के कमरा नंबर 102 में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये रखे गए थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धुले जिले के दौरे के दौरान राज्य विधानमंडल की प्राक्कलन समिति को 'रिश्वत' देने की कोशिश को नाकाम कर दिया। राउत ने कहा कि शिवसेना के पूर्व विधायक अनिल अन्ना गोटे और स्थानीय शिवसेना (उबाठा) नेताओं ने कमरे को बंद कर दिया और बाहर पहरा देने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सूचित करने के बावजूद चार से पांच घंटे बीत गए और कोई नहीं आया। प्रशासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला। रिश्वत का उद्देश्य विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और इसमें अधिकारियों की संलिप्तता की बात को दबाना था। अनिल गोटे ने संवाददाताओं से कहा कि धुले अतिथि गृह में कमरा 102 खोतकर के पीए किशोर पाटिल के नाम पर बुक किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति के सदस्यों को वितरित करने के लिए कमरे में रुपया रखा गया था। इस बीच धुले के पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धीवरे ने पत्रकारों को बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, विधानमंडल प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अर्जुन खोतकर ने इस घटना को खारिज कर दिया है। खोतकर ने संवाददाताओं से कहा कि धुले अतिथि गृह में मिले पैसे का समिति से कोई लेना-देना नहीं है। राउत ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि जिस व्यक्ति के नाम पर कमरा (102) बुक किया गया था, उसकी जांच होनी चाहिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इस मामले की एसआईटी जांच की घोषणा की है।

# वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने तीन दिनों तक दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा


एजेंसी, नई दिल्ली



वक्फ संशोधन कानून पर अंतरिम रोक के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को बहस पूरी हो गई है। सुनवाई के दौरान केंद्र की मोदी सरकार ने कानून पर अंतरिम रोक लगाने का जोरदार विरोध किया है। सुनवाई पूरी होने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले सीजेआई बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संशोधित वक्फ कानून का विरोध करने वालों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक सिंघवी और केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें लगातार तीन दिनों तक सुनीं। बहस के दौरान केंद्र ने वक्फ कानून का पुरजोर समर्थन किया। इस दौरान केंद्र के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के सामने तर्क दिया कि वक्फ अपने स्वभाव से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और इसके पक्ष में संवैधानिकता की धारणा को देखकर रोका नहीं जा सकता। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में मामले में याचिकाकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे सिब्बल ने वक्फ कानून को गैर संवैधानिक बताया। वहीं, तर्क दिया कि यह गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने का साधन बन जाएगा। सिब्बल ने कहा कि केंद्र सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं। वहीं, याचिकाकर्ताओं ने मौजूदा चरण में तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश की मांग की है। इन तीन मुद्दों में से एक मुद्दा कोर्ट द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति से जुड़ा था। वहीं, दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना पर था, इसके लिए उनका तर्क था कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुसलमानों को ही काम करना चाहिए। वहीं, तीसरा और अंतिम मुद्दा उस प्रावधान पर है जिसके अनुसार जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करता है कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तब वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।

# सलमान खान के आवास पर 24 घंटे में दो बार घुसने का प्रयास, युवक गिरफ्तार

तरुणमित्र, मुंबई



फिल्म अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 24 घंटे में दो बार घुसने का प्रयास किया गया है। जबरन धुसने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद सलमान खान के आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम दोनों मामलों की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सलमान खान के आवास के सामने एक युवक 20 मई को सुबह घूम रहा था। पुलिस ने उसे समझाया और वहां से जाने को कहा तो युवक ने अपना मोबाइल पटककर फोड़ दिया, इसके बाद पुलिस ने उसे वहां से भगा दिया। इसके बाद शाम 7 बजकर 15 मिनट पर इसी युवक ने गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने का प्रयास किया। सलमान खान के आवास पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल युवक को पकड़ कर बांद्रा पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया। युवक की पहचान जीतेंद्र कुमार सिंह के रुप में की गई है और वह छत्तीसगढ़ का रहने वाला है।

## नेतन्याहू का बड़ा ऐलान- "हमारा लक्ष्य स्पष्ट, गाजा अंततः इजराइली नियंत्रण में होगा"

एजेंसी, येरुशलम

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार रात एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इजराइल ने हमास के खिलाफ अपने "स्पष्ट और न्यायसंगत लक्ष्य" में अब तक काफी कुछ हासिल किया है, लेकिन अभी "काम पूरा नहीं हुआ है"। नेतन्याहू ने बताया कि इजराइली सेना ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार और उनके भाई मोहम्मद सिनवार को मार गिराया है। सिनवार को 07 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमले का मुख्य मास्टरमाइंड माना जाता है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने गाजा के दक्षिणी हिस्से में दुश्मन पर जबरदस्त प्रहार किया है और भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद युद्ध को जारी रखा है। उन्होंने खुलासा किया कि ऑपरेशन गिडीऑन के तहत इजराइल ने युद्ध के अगले चरण की शुरुआत कर दी है। उनके अनुसार, "इस अभियान के अंत में गाजा पट्टी का संपूर्ण क्षेत्र इजराइल की सुरक्षा नियंत्रण में होगा।" नेतन्याहू ने ईरान को "इजराइल के लिए अब भी एक बड़ा खतरा" बताते हुए कहा कि उनकी सरकार अमेरिका के साथ पूर्ण समन्वय में है ताकि ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोका जा सके। उन्होंने दो टूक कहा, "अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल अपनी रक्षा खुद करेगा।" प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेतन्याहू ने गाजा में एक नई तीन-चरणीय मानवीय सहायता योजना की घोषणा की, जिसे अमेरिका के सहयोग से लागू किया जाएगा। इसके तहत आवश्यक खाद्य सामग्री की आपूर्ति; अमेरिकी कंपनियों द्वारा स्थापित वितरण केंद्र, जिनकी सुरक्षा इजराइली बलों द्वारा की जाएगी और दक्षिणी गाजा में एक 'स्टरल जोन' स्थापित करना जहां नागरिकों को संपूर्ण मानवीय सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा, "हमारे सबसे करीबी मित्र भी हथियार भेजने को तैयार हैं, लेकिन मानवीय संकट को बर्दाश्त नहीं कर सकते।"




# संघ प्रमुख की सुरक्षा में चूक, घेरा तोड़कर भागा युवक




एजेंसी, मैहर

मध्य प्रदेश के मैहर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। सरसंघचालक डॉ. भागवत गुरुवार को रेल मार्ग से मैहर पहुंचे। यहां उनका काफिला स्टेट बैंक चौराहे पर पहुंचा तो कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद एक युवक सुरक्षा घेरे में घुसने के बाद भाग गया। हालांकि, बाद में पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। सरसंघचालक डॉ. भागवत रीवा में आयोजित आरएसएस के तीन दिवसीय शिविर में शिरकत करने के लिए आए हैं। इसके लिए वे गुरुवार सुबह 11 बजे जनता एक्सप्रेस से मैहर पहुंचे। उनके आगमन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर था। मैहर रेलवे स्टेशन पर संघ प्रमुख भागवत के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। स्टेशन पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। स्टेशन के एक हिस्से को ब्लॉक कर दिया गया। आस-पास के चौराहों पर यातायात को रोक दिया गया था। सुरक्षा घेरे में उन्हें कार तक ले जाया गया।

# प्रख्यात साहित्यकार गुलजार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित

तरुणमित्र ब्यूरो



**मुंबई**। भारतीय ज्ञानपीठ के ट्रस्टी मुदित जैन ने गुरुवार को प्रख्यात साहित्यकार गुलजार को बांद्रा स्थित उनके आवास पर जाकर ५८वां ज्ञानपीठ पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ज्ञानपीठ के सचिव धर्मपाल संगीतकार विशाल भारद्वाज, गायिका रेखा भारद्वाज, गुलजार के दामाद गोविंद संधू सहित कला जगत की जानी मानी हस्तियां उपस्थित थीं। भारत के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ५८वां ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने के लिए साहित्यकार गुलजार और संस्कृत के महान विद्वान जगतगुरु रामभद्राचार्य का चयन किया गया था। यह पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत की राष्ट्रपति के हाथों 16 मई को एक समारोह में दिया जाने वाला था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वह कार्यक्रम में उपस्थित नहीं रह सके थे। इसी वजह से आज ज्ञानपीठ के ट्रस्टी मुदित जैन ने खुद मुंबई में बांद्रा स्थित उनके आवास पर जाकर गुलजार को वागदेवी की प्रतिमा, प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार की राशि का चेक देकर सम्मानित किया। ज्ञानपीठ के सचिव धर्मपाल ने गुलजार का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आर एन तिवारी ने गुलजार को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर यूएई में भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने किया नेतृत्व और मीडिया से संवाद

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के कूटनीतिक संवाद के तहत शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में वहां के नेतृत्व और मीडिया से संवाद किया। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की महत्ता पर प्रकाश डाला और सीमा-पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत नीति को स्पष्ट किया। प्रतिनिधिमंडल आज गुरुवार को अबूधाबी पहुंचा। यूएई प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का पहला पड़ाव रहा। यूएई स्थित भारतीय दूतावास ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इसके अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने यूएई के नेतृत्व और मीडिया के साथ मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शिंदे के अलावा सांसद बांसुरी स्वराज, मोहम्मद बशीर, अतुल गर्ग, सस्मित पात्र, मनन कुमार मिश्रा, सुरेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया और पूर्व राजदूत सुजन चिनॉय शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यूएई के सहिष्णुता और सह-अस्तित्व मंत्री शेख नहयान मबारक अल नहयान से मुलाकात की। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले पर गहरी संवेदना प्रकट की। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद प्रायोजित कर रहा है और समाज में विघटन फैलाने की साजिशें रच रहा है। वहीं नहयान मबारक ने कहा कि भारत और यूएई मिलकर आतंकवाद का सामना करेंगे। यूएई हमेशा भारत के साथ खड़ा रहेगा। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने संघीय राष्ट्रीय परिषद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष डॉ. अली राशिद अल नुआइमी और अन्य अमीरात के अन्य सांसदों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर' की सटीक, संयमित और गैर-उत्तेजक प्रकृति को रेखांकित किया। वहीं नुआईमी ने कहा कि भारत और यूएई का संबंध व्यापार और संस्कृति से आगे निकलकर सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों तक विस्तृत है। आतंकवाद मानवता के खिलाफ है और वैश्विक समुदाय को इसपर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल मीडिया ऑफिस के निदेशक डॉ. जमाल अल काबी से भी भेंट की और पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार के बारे में तथ्यात्मक जानकारी साझा की।



## संक्षिप्त समाचार

### श्री दोवड़ा माताजी के रात्री जागरण आज, मेला कल

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो



**राजसमन्द, राजस्थान।** श्री दोवड़ा माताजी के रात्री जागरण आज मेला कल जिले के प्रसिद्ध शक्ति पीठ स्थल श्री दोवड़ा माताजी मंदिर पर रात्रि जागरण का आज होगा भव्य आयोजन श्री दोवड़ा माताजी के रात्री जागरण आज मेला कल जिले के प्रशिद्ध शक्ति पीठ स्थल श्री दोवड़ा माताजी मंदिर पर रात्रि जागरण का आज होगा भव्य आयोजन पुजारी प्रेमा लाल गुर्जर ने बताया की हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी श्री दोवड़ा माताजी के मेले का आयोजन होगा जिसमे आज रात्रि जागरण होगा जिसमे सुप्रसिद्धकलाकार धनराज जोशी व हेमलता तिलकेश सुथार अपनी अपनी प्रस्तुतिया देंगे साथ ही भव्य झांकी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे साथ ही भव्य महाआरती रात्री 2 बजे होंगी इसके साथ ही अगले दिन एक दिवसीय विशाल मेला भरेगा जिसमे मनीहारी मनोरंजन के साधन डोलर चकरी झूले लगेंगे चाट आइसक्रीम और मिटी के बर्तन की स्टाल लगेगी. इस भव्य जागरण मे भक्त मुंबई गुजरात मध्यप्रदेश सहित आस पास के गांवो के श्रधांलु भाग लेंगे ।

### शिविर में आत्मरक्षा के गुर सिखाए माउंट आबूआर्ष गुरुकुल महाविद्यालय



कर्मपालसिंह सवाली

**सिरोही ,राजस्थान।** शिविर में आत्मरक्षा के गुर सिखाए माउंट आबूआर्ष गुरुकुल महाविद्यालय देलवाड़ा के सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में पिछले 5 दिनों से चल रहे शारीरिक बौद्धिक आत्मिक व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में भारत के छह राज्य के ग्रामीण क्षेत्र से पधारे शिविराथीं प्रातः 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक योग प्राणायाम ध्यान सूर्य नमस्कार गायत्री मंत्र के साथ वैदिक ज्ञान अर्जन कर रहे हैं साय के सत्र में जूडो कराटे, लाठी ,भाला ,तलवार ,एयर गन, तीरंदाजी संध्या वह भारतीय पारंपरिक खेल कूद से मनोबल आंतरिक प्रतिरोध क्षमता बढ़ा रहे हैं शिविर निदेशक स्वामी ओमा नंद जी सरस्वती प्रोफेसर डॉक्टर कमलेश कुमार शास्त्री, स्वामी विदेह योगी जी, आचार्य गगेद्र सिंह शास्त्री, डॉ. रजनीकांत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आबू पर्वत से सेवानिवृत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी प्रभारी एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रकाश चौहान ने भी स्वास्थ्य के साथ लाठी चलाने वह बचाव के गुरु सिखाएं सभी ने मिलकर बड़े उत्साह और लग्न के साथ शिविर का लाभ उठा रहे हैं।

### नशे को खत्म करने के लिए हमें एकजुट होने की जरूरत है- विधायक राय, हरवेल माधोपुर, लखविंदर नंबरदार

चीफ ब्यूरो राजिंदर सिंह भट्ट



**फतेहगढ़ साहिब 22 मई** गांव माधोपुर में ग्राम पंचायत द्वारा प्रशासन के सहयोग से नशे के खिलाफ जंग के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हलका विधायक सरदार लखबीर सिंह राय जी ने नशे के खिलाफ बोलते हुए कहा कि सरदार भगवंत सिंह मान की सरकार ने नशे के खिलाफ जंग मुहिम छेड़ी हुई है जिसके तहत गांवों व शहरों को नशा मुक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। ग्राम पंचायतों को अपने गांवों को नशा मुक्त बनाने में सरकार का सहयोग करना चाहिए। सरपंच सरदार हरवेल सिंह ने कहा कि हमारी पंचायत नशे के खिलाफ इस मुहिम में सरकार को पूरा सहयोग देगी तथा गांव में नशा नहीं बिकने दिया जाएगा तथा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अन्य लोगों में शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब के अध्यक्ष लखविंदर सिंह लंबरदार, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रीतपाल सिंह जस्सी ब्लॉक अध्यक्ष, सरदार परविंदर सिंह टिवाणा सेवानिवृत्त चीफ पीडब्ल्यूडी, सरदार हरमिंदर सिंह तिवाणा, सरदार सुखविंदर सिंह तिवाणा, कुलवंत सिंह तिवाणा, सरदार रणवीर तिवाणा पंच, काला ढिल्लो, पूर्व सरपंच संपूर्ण सिंह, गुरसिमरन सिंह पंच, बीबी बलजीत कौर पंच, प्यारी पंच, अमरनाथ सिंह गुलजार सिंह, सुखजीत सिंह, जसवीर कौर, सचिव मनप्रीत कौर शामिल थे। दविंदर सिंह, हरविंदर सिंह नोनी, गुरबख्श सिंह, सेठी लवली नरिंदर सिंह सहोता, फकीर सिंह और बड़ी संख्या में महिलाएं, गणमान्य लोग और बच्चे उपस्थित थे।

## काला सोना के तस्करों का मायाजाल बरकरार, देसूरी की पुलिस की 15 दिनों में तीसरी बड़ी कार्रवाई से तस्करों में मचा हड़कंप

### देसूरी पुलिस ने पकड़ा 80 किलो डोडा पोस्तःस्विफ्ट डिजायर से तस्करी कर रहे बाड़मेर के युवक को किया गिरफ्तार




कार्यकारी सम्पादक
कर्मपालसिंह सवाली

**देसूरी।** पाली पुलिस अधीक्षक आईपीएस चुनाराम जाट के आदेश पर अपने मजबूत खुफिया तंत्र से देसूरी पुलिस ने ऑपरेशन भौकाल-02 के तहत मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हरिओम आश्रम देसुरी हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार से 80.970 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि जोधपुर रेंज के आईजी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। नाकाबंदी के दौरान चारभुजा राजसमंद की तरफ से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार का चालक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार को पकड़ा और तलाशी में 4 कट्टों में डोडा पोस्त मिला। पुलिस ने कार के चालक बंशीलाल (24) को गिरफ्तार किया है। वह बाड़मेर जिले के नागाणा थाना क्षेत्र के भूरटीया का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। देसूरी पुलिस ने पिछले 15 दिनों में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई की है। 4-5 मई को एक फॉर्च्यूनर से 320 किलोग्राम और 16-17 मई को विटारा ब्रेजा से 217.960 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया था। इस कार्रवाई में थानाधिकारी हरिसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। थाना अधिकारी हरिसिंह ने कहां नशे की तस्करी करने वाले अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा अपराधी चाहे कोई भी हो कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। इस थाना क्षेत्र में नशा मुक्ति बनाकर नागरिकों में कानून व्यवस्था मजबूत रखना आमजन में विश्वास के लिए हर समय पुलिस अपना कर्तव्य निभाने के लिए तत्पर रहेगी। कार्यवाही टीमः- देसूरी थानाधिकारी हरिसिंह, हेड कांस्टेबल परविंदर सिंह, कॉस्टेबल रामचंद्र, रामचंद्र, नेतराम, धर्मेंद्र कुमार, बंशीलाल, जगदीश, श्रवण कुमार व 112 चालक हिम्मतराम शामिल थे।

## काणा तालाब दरगाह शरीफ पर उर्स सम्पन्न



कर्मपालसिंह सवाली

**देसूरी, राजस्थान।** अरावली की तराई में कोमी एकता का प्रतीक दरगाह शहीद हसन वली बाबा काणा तालाब का सालाना उर्स शानो-शौकत से सम्पन्न, जायरिनों का उमड़ा जनसैलाब उर्स कमेटी संयोजक मोंटू फिरोज़ भाई, शाबीर अशरफी ने बताया की इस 59वा सालाना उर्स के मुबारक मौके पर सभी मज़हब के पाली के अड़ोस-पड़ोस जिलों से हजारों जायरिनों ने शिरकत कर अमन चैन की दुआ की। उर्स कमेटी संरक्षक व दरगाह कमेटी के नायब सदर अल्लारक खां पठान ने बताया कि उर्स का आगाज मंगलवार के दिन भर दरगाह स्थल पर मदरसों के बच्चों द्वारा कुरानख्वानी के कुरान की तिलावत से किया गया, रात्रिकालीन में गुस्ल दिया गया बुधवार शाम को देसूरी घाणेराव के मुस्लिम समाज व जायरिनों द्वारा चादर पेश कर अकीकत साथ दुआ की गई बाद नमाज़ ईशा के तकरीर की गई रात्रि में भारत के मशहूर कव्वाल अमन अफजल शाबरी , इरफान तुफैल द्वारा कोमी एकता के कव्वाली का प्रोग्राम चला लोगों ने मग्न मुक्त होकर कव्वाली का लुत्फ लिया। हाट बाजार उर्स में इस बार सैकड़ों दुकानें लगी बच्चों व महिलाओं पुरुषों ने हाट बाजार खुब खरीददारी की गई मनोरंजन के तहत बच्चों के झूले में वाटर पार्क लगे जिसका खुब आनंद लिया। व्यवस्था दरगाह कमेटी द्वारा बैठक, पार्किंग, लाइट, पानी की शानदार व्यवस्था को अंजाम दिया उर्स के मौके पर इन्होंने की शिरकत समाजसेवी भामाशाह के रूप में अनिल कुमार पुनमिया, राजेन्द्र लोढ़ा, अनिल लोढ़ा, चन्द्र शेखर,मुकेश भाटी ,छगन लाल सहित अनेकों ने भाग लिया। मान सम्मान संयुक्त कमेटी द्वारा अतिथियों व समाज सेवियों का साफ़ा व गुलपोशी से स्वागत किया गया। स्थानीय नेताओं की शिरकत कव्वाली के शानदार प्रोग्राम में कांग्रेस प्रदेश सचिव डिम्पल राठौड़, देसूरी ब्लांक अध्यक्ष राकेश संवशा, बाली ब्लांक अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित, प्रदीप मीणा सहित अनेक नेता उपस्थित थे।

## पाली जिला स्तरीय जूनियर (बालक/बालिका) बॉक्सिंग प्रतियोगिता , 25 मई 2025 को

कर्मपालसिंह सवाली

**पाली,राजस्थान।** पाली जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 मई 2025 (रविवार) को बांगड़ स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग हॉल, पाली में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पाली जिले के वर्ष 2009 एवं 2010 में जन्मे बालक एवं बालिका मुक्केबाज़ भाग ले सकते हैं।

प्रतियोगिता निम्नलिखित 13 भार वर्गों में आयोजित की जाएगीः44-46, 48, 50, 52, 54, 57, 60, 63, 66, 70, 75, 80, 80+ किलोग्राम वजन



माप (Weigh-in) की प्रक्रिया 25 मई (रविवार) सुबह 9:00 बजे से 10:00 बजे के मध्य आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के मुक़ाबले (Bouts) शाम 5:00 बजे से आरंभ होंगे। प्रतिभागी खिलाड़ियों को पंजीकरण के समय निम्न दस्तावेज़ साथ लाना अनिवार्य हैःआधार कार्ड (फोटोकॉपी सहित) मूल निवास प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो – 4 नग प्रतियोगिता में विजेता मुक्केबाज़ों का चयन आगामी ( 8- 10 जून) राजस्थान राज्य स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता नीम के थाना, सीकर हेतु पाली जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। पाली जिले के सभी बॉक्सिंग क्लबों, प्रशिक्षकों एवं योग्य खिलाड़ियों से विनम्र अनुरोध है कि वे समय पर पहुँचकर इस प्रतिष्ठित आयोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। यह जानकारी अध्यक्ष वासुदेव शर्मा पाली जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा दी गई।

## पुलिस थानाधिकारी का स्थानांतरण होकर जयसिंपुरा जयपुर उत्तर पुलिस थाना में पोस्टिंग होने पर किया डॉ महेश सोनी ने स्वागत एवं अभिनंदन किया

कार्यकारी सम्पादक
कर्मपालसिंह सवाली

**जयपुर ।** जयपुर उत्तर भट्टा बस्ती शास्त्री नगर पुलिस थानाधिकारी मुकेश मीणा का स्थानांतरण होकर जयपुर जयसिंपुरा खोर जयपुर उत्तर पुलिस थाना में पोस्टिंग होने पर राजस्थानी परम्परा से पुष्पहार पहनाकर व सोजत की प्रसिद्ध मेहंदी भेंट कर व भगवान लक्ष्मी जी व गणेश जी व सरस्वती जी भगवान की चांदी की मोमेटो देकर स्वागत सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. महेश सोनी ने शिष्टाचार मुलाकात की गई। । डॉ. सोनी ने जयपुर जयसिंपुरा खोर जयपुर उत्तर पुलिस थानाधिकारी मुकेश मीणा से थाना क्षेत्र में आम लोगों की सुरक्षा और बढ़ती घटनाएं चोरी-चोरियां लूटमार अत्याचारों की



अनेक घटनाओं के बारे में और सभी पुलिस टीम की समस्याओं के बारे में भी अनेक विषयों पर चर्चा भी की गई। उन्होंने कहा जयपुर में इन्होंने पुलिस टीम के साथ आम लोगों को न्याय और आमजन की सुरक्षा उत्कृष्ट कार्य हर समय पूरी मुस्तैदी से पूरे निष्ठावान होकर अपना कर्तव्य निभाया है। जयपुर जयसिंपुरा खोर जयपुर उत्तर पुलिस थानाधिकारी मुकेश मीणा ने कहा कि समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव डॉ. महेश सोनी द्वारा किए गए राजस्थानी परंपरा के अनुसार किए गए बहुमान सत्कार का धन्यवाद आभार प्रकट किया।

## हरियाणा के मंडी डबवाली स्टेशन का 13 करोड़ लागत पुनर्विकास, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दतात्रेय करगे डबवाली रेलवे स्टेशन शुभारंभ

ब्यूरो चीफ अमित मेहता

**सिरसा/ मंडबवाली।** भारत सरकार ने "अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की योजना बनाई है। इस योजना का उद्देश्य यात्रियों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करना और स्टेशन को सिटी सेन्टर के रूप में विकसित करना है।उत्तर पश्चिम रेलवे पर बीकानेर मण्डल के मंडी डबवाली स्टेशन सहित 77 स्टेशनों का लगभग 4000 करोड़ रूपये की लागत के साथ अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत पुनर्विकास किया जा रहा है। मंडी डबवाली रेलवे स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे के अधीन बीकानेर मंडल के अंतर्गत आता है। यह स्टेषन हनुमानगढ़ से बठिंडा रेलमार्ग पर सिंगल लाइन व विद्युतीकृत रेलखंड पर स्थित है। मंडी डबवाली



हरियाणा के सिरसा जिले का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है। यह शहर हरियाणा और पंजाब की सीमा पर स्थित है, जिससे इसे दोनों राज्यों की सांस्कृतिक धारा का संगम माना जाता है डबवाली कृषि उत्पादों की मंडी के रूप में प्रसिद्ध है, जहां किसान अपनी उपज बेचने के लिए आते हैं। इसके अलावा, यहां कृषि उपकरणों, मिल्क चिलिंग, सीड प्रोसेसिंग, राइस शेलिंग, स्ट्रॉ बोर्ड निर्माण, और स्टील फैब्रिकेशन जैसे उद्योग भी स्थापित हैं। विशेष रूप से, यह शहर जीप मॉडिफिकेशन उद्योग के लिए जाना जाता है, जहां देशभर से उपभोक्ता आते हैं। मंडी डबवाली, हरियाणा का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक शहर है, जो अपनी सांस्कृतिक विविधता, धार्मिक सद्भावना और उद्योगिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। यह शहर न केवल हरियाणा, बल्कि पंजाब और राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए भी एक महत्वपूर्ण केंट है।अमृत स्टेशन योजना के तहत मंडी डबवाली स्टेशन पर लगभग 13 करोड रुपये से पूनविकास कार्य किया गया है। मंडी डबवाली के पुराने स्टेशन भवन में पर्याप्त स्थान की कमी थी और यात्री सुविधाओं को विकसित करने में कठिनाई हो रही थी। यात्री सुविधाओं में विस्तार करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन बिल्डिंग कायानवीनीकरण कर इसमें सुधार किया गया है। स्टेशन पुनर्विकास से अब स्टेशन बिल्डिंग में पर्याप्त स्थान उपलब्ध हुआ है। स्टेशन बिल्डिंग में बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित क्षेत्र में टिकटिंग सुविधा, बडा वेटिंग हॉल और फुट ओवर ब्रिज उपलब्ध करवाया गया है।

## सिरसा हरियाणा मे टेलिग्राम एप्प से जोड़कर 65 हजार रुपए का चूना लगाने वाला आरोपी नोखा, बिकानेर से काबू

अमित मेहता ब्यूरो चीफ

सिरसा पुलिस अधीक्षक सिरसा द्वारा गठित जिला की साइबर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर गांव फग्गू निवासी एक व्यक्ति से 65 हजार रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में संलिप्त एक युवक को नोखा,बीकानेर, राजस्थान से काबू कर लिया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रामकिशन पुत्र नरसी राम निवासी गांव सलुंडिया तहसील नोखा बीकानेर राजस्थान के रूप में हुई है ।

थाना प्रभारी ने बताया कि गांव फग्गू निवासी अंग्रेज पुत्र जोगिंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप्प से जुड़कर घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ो रुपए कमा सकते हो । इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा,जैसे ही टास्क पूरा होगा आपके खाते में पैसे आ जाएंगे । कुछ समय बाद मेरे मोबाइल नंबर पर एक टेलिग्राम लिंक आया जैसे ही मैने लिंक को क्लिक किया तो उसमें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन चल रहा था । मैने लालच में आकर 65 हजार रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में पैसा निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो टेलिग्राम



एप पूरी बंद हो गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि जब तक पीड़ित व्यक्ति को एहसास होता वह साइबर ठगी का शिकार हो चुका था ।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में साइबर ठगी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी । जांच के दौरान साइबर थाना स एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना में संलिप्त आरोपी को नोखा बीकानेर राजस्थान से काबू कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का रिमांड लिया गया था और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई । पूछताछ कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है । साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि अभियोग की जांच जारी है और जांच के दौरान जो भी व्यक्ति ठगी के इस नेटवर्क में संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

## हरियाणा सिरसा जिले के गांव देसु जोधा में निर्माणाधीन अस्पताल में घटिया सामग्री का इस्तेमाल, प्रशासन मौन

अमित मेहता ब्यूरो चीफ

**मंडी डबवाली, 19 मई 2025** गांव देसु जोधा में सरकार द्वारा जनहित में बनवाए जा रहे अस्पताल भवन का निर्माण कार्य इन दिनों गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नज़र आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में जमकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में मरीजों और कर्मचारियों की जान खतरे में पड़ सकती है। पुराना और जंग लगा सरिया किया जा रहा इस्तेमाल स्थानीय लोगों द्वारा किए गए निरीक्षण में सामने आया है कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रहा सरिया जंग लगा हुआ है, जो पहले कहीं अन्यत्र प्रयोग में लाया जा चुका है। ऐसे लोहे की मजबूती पर सवाल उठते हैं और



इससे इमारत की नींव ही कमजोर हो सकती है। बजरी में मिट्टी की मिलावट, नींव से समझौता बजरी में भारी मात्रा में मिट्टी की मिलावट की जा रही है, जिससे सीमेंट और कंक्रीट का बंधाव कमजोर हो रहा है। निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता न तो



सरकारी मानकों पर खरी उतरती है और न ही स्थायित्व की गारंटी देती है। लोहे की पुरानी चांगाठे का उपयोग बताया जा रहा है कि नई चांगाठों के स्थान पर पुरानी, जंग लगी लोहे की चांगाठों का प्रयोग किया जा रहा है, जो भवन को पूरी तरह से असुरक्षित बना सकता है। प्रशासन बना अनजान, नहीं हुई कोई जांच ग्रामीणों ने बताया कि कई बार निर्माण कार्य में हो रही गड़बड़ियों की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाने की कोशिश की गई, लेकिन न तो किसी अधिकारी ने स्थल का दौरा किया और न ही निर्माण कार्य पर कोई रोक लगाई गई। इससे यह सवाल उठता है कि क्या प्रशासन की मिलीभगत से ही यह भ्रष्टाचार हो रहा है? ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग गांव देशू जोधा के जागरूक ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि इस निर्माण कार्य की तुरंत जांच करवाई जाए और जो ठेकेदार अथवा अधिकारी इस घोटाले में संलिप्त हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे जन आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

# व्यापारिक समुदाय ने किया आतंकवाद का विरोध और कर मुक्त भारत की मांग

## व्यवसायी सुबोध की 'कर मुक्त भारत' फिल्म, परेशान करदाताओं के लिए उम्मीद की किरण :शंकर ठक्कर

तरुणमित्र / ब्यूरो




**ठाणे**। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया हमारे मित्र एक छोटे व्यापारी सुबोध जयप्रकाश द्वारा अभिनीत, निर्मित एवं दिग्दर्शित फिल्म "टैक्स फ्री इंडिया" अपनी वेदनाओं को व्यक्त करने हेतु बनाई है। इस फिल्म में व्यापारिक समुदाय आयकर, जीएसटी, वैट, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, संपत्ति कर, एमसीए आरओसी, व्यावसायिक कर, स्टांप शुल्क आदि को हटाने की मांग करता है। इसकी जगह एक बार का संपत्ति कर लगाया जाना चाहिए। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अग्रिम रूप से 700 रुपये प्रति वर्ग फीट का एक समान वार्षिक कर वसूला जाना चाहिए। इससे सरकार का राजस्व वर्तमान स्तर से बढ़ेगा और भारत में व्यापारियों और करदाताओं के साथ होने वाली विभिन्न प्रकार की उत्पीड़न और यातनाओं पर रोक लगेगी। भारत संघ का बजट लगभग 57 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है, जिसमें से राजस्व 40 लाख करोड़ रुपये के दायरे में अनुमानित है। लगभग 17 लाख रुपये के घाटे को विभिन्न प्रकार के ऋणों के माध्यम से कवर करने का अनुमान है। यह घाटा, ऋण और उसका ब्याज भुगतान प्रभावी रूप से एक बढ़ता हुआ प्रभाव है जिसका कोई अंत या उचित दृष्टि नहीं दिखती है। इसके अलावा, विभिन्न राज्य बजट और नगरपालिका बजट भी हैं, जिनमें से लगभग सभी को डीएएचटी के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है। जीएसटी और आयकर जैसी विभिन्न और जटिल कर प्रणालियों के बजाय, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को प्रति वर्ष 700 रुपये प्रति वर्ग फीट का एकमुश्त कर देना चाहिए। भारत में, यह मानते हुए कि लगभग 10,000 करोड़ वर्ग फीट वाणिज्यिक क्षेत्र है, संग्रह आसानी से 70 लाख करोड़ रुपये होगा, जो भारत संघ के लगभग 57 लाख करोड़ रुपये के बजटीय राजस्व से अधिक है। सबसे सरल तरीके से, अन्य सभी करों और अनुपालन की कोई आवश्यकता नहीं होगी। वर्तमान कर संरचना बहुत जटिल है और यह भ्रष्टाचार और उत्पीड़न को जन्म देती है। यह नौकरशाहों को करदाताओं को डराने और काला धन बनाने के लिए बहुत अधिक शक्ति देता है। व्यापारिक समुदाय ग्राहकों से सरकार की ओर से कर एकत्र करता है, अपने खर्च पर खातों को बनाए रखता है और 8 साल तक खाता बही रखने के लिए उत्तरदायी होता है, जो बहुत लंबी अवधि है। एक तरफ़ सबूत पेश करने की ज़िम्मेदारी व्यापारी समुदाय पर है, जबकि सरकारी अधिकारियों के पास नोटिस जारी करने, तलाशी और ज़ब्ती करने के असीमित अधिकार हैं, जिससे व्यापारियों और उनके परिवारों को एकतरफ़ा परेशान किया जा रहा है, यहाँ तक कि ईमानदार करदाताओं से भी निपटारे के लिए काले धन की मांग की जाती है । व्यापारियों को दर-दर भटकना पड़ता है क्योंकि भारतीय न्याय व्यवस्था ढीली और सुस्त है, न्याय देने में सालों लग जाते हैं, जिससे न केवल व्यापारियों बल्कि उनके परिवार के सदस्यों को भी पैसे की बर्बादी और मानसिक आघात पहुँचता है। मुंबई के आम व्यवसायी सुबोध जयप्रकाश को पिछले 40 वर्षों में सरकारी कानूनों के अनुपालन के लिए बहुत समय और ऊर्जा देनी पड़ी। अब उन्होंने देश की इन चिरस्थायी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ अपने निजी अनुभव से आम जनता को मार्गदर्शन देने वाली 'टैक्स फ्री इंडिया' नामक एक पूर्ण लंबाई वाली हिंदी फीचर फिल्म बनाकर अपने पूरे जीवन की भावनाओं को रचनात्मक तरीके से व्यक्त किया है। (नीचे फिल्म का लिंक दिया गया है)। हालांकि, सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म के लिए सेंसर सर्टिफिकेट देने से इनकार कर दिया। जयप्रकाश को निवारण के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और अपनी फिल्म को प्रमाणित करने का विकल्प दिया गया था, लेकिन उन्हें पता था कि न्याय के किसी भी आश्वासन के बिना कितना समय और पैसा बर्बाद होगा। इसलिए, इसके बजाय, उन्होंने फिल्म को यूट्यूब पर रिलीज़ किया, जो कानूनी रूप से अनुमत है। यूट्यूब पर एक्सक्लूसिव तौर पर देखें: 'टैक्स फ्री इंडिया फुल मूवी' या क्यूआर कोड स्कैन करें: इस नेक काम में सहयोग के लिए कृपया संपर्क करें: ईमेल: subod68@yahoo.com, इंस्टाग्राम:subodh_Jayprakash" सुबोध जयप्रकाश दर्शकों से अपील करते हैं कि "हमारी फिल्म, टैक्स फ्री इंडिया, अब यूट्यूब पर लाइव है। फिल्म में एक मजबूत सामाजिक संदेश है जो देश भर के नागरिकों को प्रभावित करेगा। हमें उत्साहजनक लाइक और टिप्पणियाँ मिली हैं, और तुम्हारी फिल्म को कई संगठनों का समर्थन मिला है हम उनके आभारी हैं।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एक्शन मोड़ पर, मादक पदार्थ बिक्री के 14 मामले दर्ज

तरुणमित्र/ब्यूरो




**पनवेल**। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर राज्य के हर पुलिस थाने की सीमा में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. तदनुसार नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत प्रत्येक पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं. इसके तहत पनवेल और उरण तालुका के पुलिस थाना सीमाओं के भीतर तलाशी अभियान और ऑल आऊट अभियान चलाकर आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों और विभिन्न कानून तोड़ने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है. तलाशी अभियान के दौरान किसी विशेष स्थान या क्षेत्र में अपराध या आतंकवाद जैसी घटनाओं में शामिल लोगों की तलाशी ली जाती या उन्हें गिरफ्तार किया जाता है. इस ऑपरेशन में पुलिस या सुरक्षा बलों द्वारा इलाको में जांच किया जाता हैं और संदिग्धों की तलाश की जाती हैं. परिमंडल 2 के पुलिस उपायुक्त प्रशांत मोहिते और सहायक पुलिस आयुक्त अशोक राजपूत के मार्गदर्शन में तलाशी अभियान और ऑल आउट कार्रवाई की जा रही है।

**65 फरार आरोपियों की पूछताछ** : पनवेल और उरण तालुका में 11 पुलिस स्टेशन शामिल हैं. यह कार्रवाई इन्ही थाना क्षेत्र में की जा रही है. जोन 2 के पुलिस उपायुक्त प्रशांत मोहिते ने बताया कि पुलिस जांच में अब तक पता चला है कि दो बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं. इस अभियान में पुलिस टीमों ने 65 फरार आरोपियों की पूछताछ की है. इसके अलावा, सभी थाना क्षेत्रों में प्रभावी पैदल गश्त की गई है तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है. जिसके कारण इस पहल की उरण और पनवेल के लोगों ने सराहना की है।

**अनेको पर गिरी पुलिस की गाज** : तलाशी अभियान के दौरान 14 दिनों में परिमंडल दो की सीमाओं के भीतर विभिन्न स्थानों से मादक पदार्थों की बिक्री के 14 मामले दर्ज किए गए. इस बीच, 1,342 वाहनों की जांच की गई जिसमे 304 संदिग्ध वाहन पाए गए. वहीं, अवैध शराब बेचने के आरोप में 26, जुआ खेलने के आरोप में तीन और गुटखा बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. इसी में कुख्यात 45 अपराधियों की तलाशी के लिए अभियान शुरू किया गया है. 130 हिस्ट्रीशीटर और गुण्डों की पहचान की गई है और उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# तलाकशुदा पत्नी भी भरण-पोषण का दावा कर सकती है

तरुणमित्र / पिंकी राजगुरु




**पुणे** : केरल हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया है कि पति-पत्नी के बीच किसी भी निजी समझौते के जरिए पत्नी द्वारा भरण-पोषण के अधिकार को छोड़ा नहीं जा सकता।

अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई भी त्यागपत्र, चाहे दस्तावेजी हो, न केवल कानूनी रूप से अमान्य है, बल्कि सार्वजनिक नीति के भी खिलाफ है।न्यायमूर्ति ए. बादरुद्दीन ने मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के कई पूर्ववर्ती निर्णयों का हवाला देते हुए स्पष्ट रूप से कहाकानूनी स्थिति इस विषय पर पूरी तरह स्पष्ट है कि यदि पत्नी और पति के बीच, चाहे वह अदालत में दाखिल समझौता हो या अन्यथा, कोई ऐसा समझौता किया गया हो, जिसमें पत्नी भविष्य में पति से भरण-पोषण का दावा छोड़ देती है, तो ऐसा समझौता सार्वजनिक नीति के खिलाफ है और यह उसे भरण-पोषण के लिए दावा करने से नहीं रोकता। हाईकोर्ट ने यह पाया कि प्रस्तुत समझौते में भरण-पोषण के लिए कोई वास्तविक भुगतान नहीं किया गया था, बल्कि इसमें केवल यह उल्लेख था कि पत्नी ने अपना भरण-पोषण का दावा छोड़ दिया है।पूर्व पत्नी ने अपने बचाव में कहा कि तलाक से पहले उसे दहेज के लिए घरेलू हिंसा और प्रताड़ना का सामना करना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय जुवेरिया अब्दुल मजीद पटनी बनाम अतिफ इकबाल मंसूरी व अन्य (2014) का हवाला देते हुए, केरल हाईकोर्ट ने दोहराया कि तलाकशुदा पत्नी भी घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत भरण-पोषण का दावा कर सकती है। इसके अलावा, महिला ने दावा किया कि उसका पूर्व पति, जो एक पायलट है, 15 लाख प्रति माह कमा रहा है। जवाब में पति ने माना कि उसकी मासिक आय 8,35,000 है। उसने यह भी कहा कि पत्नी योगा स्टूडियो से 2 लाख प्रति माह कमा रही है।

# कांग्रेस पार्टी ने भिवंडी कॉमन रोड की खस्ता हालत को लेकर "सड़क रोको" विरोध प्रदर्शन की घोषणा

तरुणमित्र / ब्यूरो



**भिवंडी** : भिवंडी के वरिष्ठ कांग्रेस मेंबर और प्रसिद्ध समाजसेवी परवेज खान (पीके) ने बताया कि महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण विंग के अध्यक्ष समीर सुभाष वर्तक ने भिवंडी कामन रोड के खतरनाक और जर्जर मार्ग के खिलाफ आवाज उठाते हुए "रास्ता रोको" विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, जो 26 मई 2025 को किया जाएगा। पत्र का हवाला देते हुए परवेज खान (पीके) ने कहा कि अपने पत्र में उक्त व्यक्ति ने इस सड़क की खराब हालत का जिक्र करते हुए कहा कि दो जिलों को जोड़ने वाली भिवंडी कामन रोड की हालत बेहद खराब है और यह सड़क कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों मालवाहक और पैसिंजर वाहन गुजरते हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई उचित कदम नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अब बरसात का मौसम आ रहा है और यह सड़क और भी खतरनाक हो गई है। यात्रियों की जान को खतरा होने के बावजूद प्रशासन की चुप्पी खेदजनक है। समीर वर्तक ने स्पष्ट किया कि सरकार पर दबाव बनाने के लिए 26 मई को "रास्ता रोको" आंदोलन शुरू किया जाएगा ताकि सरकार और संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो जाएं। उन्होंने सरकारी विभागों को चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो जन विरोध तेज हो जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।उल्लेखनीय है कि यह पत्र वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य एवं जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता परवेज खान (पीके) द्वारा मीडिया को उपलब्ध कराया गया था। परवेज़ खान (पीके) अपने सहयोगियों और पर्यावरण स्वयंसेवकों के साथ इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। साथ में परवेज़ खान अम्मार भाई, अशरफ भाई, नौशाद भाई सहित कई गणमान्य नेतागण शामिल था।

# दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट, छह लोग घायल; परस्पर विरोधी केस दर्ज

तरुणमित्र / ब्यूरो



**भिवंडी**: शहर के कोंडाची वाडी स्थित चव्हाण कॉलनी परिसर में दो परिवारों के बीच पुराने विवाद को लेकर कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला जमकर मारपीट तक पोहोच गया। लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से हुई इस मारपीट में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हो गए। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शांतीनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ परस्परविरोधी मामले दर्ज किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पाप्या शाह, सरवर शाह और राहील शाह ने पुराने विवाद के चलते जुबेर शाह के साथ गाली-गलौच कर हाथों से मारपीट की और सरवर व राहील ने लोहे की रॉड से जुबेर के सिर पर वार किया। झगड़ा सुलझाने के लिए जुबेर की पत्नी अफसरीन, बेटा जावेद और भतीजी सानिया बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी गाली देते हुए डंडों और लोहे की रॉड से पीट डाला। इस घटना के संबंध में अफसरीन शाह की शिकायत पर शांतीनगर पुलिस थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, इसी घटना को लेकर अकबरी बानो अकरम शाह ने शिकायत दर्ज कराई है कि जुबेर शाह, अफसरीबानो, अबरार उर्फ डल्ला और अफसार शाह ने भी पुराने विवाद को लेकर उन्हें और उनकी तीन बेटियों को गाली गलौच करते हुए मारपीट की। इस शिकायत पर पुलिस ने चारों के खिलाफ केस दर्ज किया है फिलहाल शांतीनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डॉ पारसनाथ तिवारी विजनरी इंडियन अवार्ड्स से सम्मानित



तरुणमित्र / ब्यूरो

**नई दिल्ली** । प्रतिष्ठित विजनरी इंडियन अवाड्र्स का आयोजन नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भवन में किया गया जिसमें डॉ पारसनाथ तिवारी के सामाजिक शैक्षणिक, धार्मिक व सांस्कृतिक के लिये उन्हें प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के हाथ से विजनरी इंडियन अवाड्र्स देकर सम्मानित किया गया ज्ञात हो कि इसके पहले डॉ तिवारी "महाराष्ट्र रत्न " व दादासाहेब फालके सिने अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके है। प्रसिद्ध लेखक, साहित्यकार डॉ तिलक तन्वर व लेखक, साहित्यकार पत्रकार आरजे आरती मल्होत्रा के पहल पर गोल्डन स्पेरोज द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ बीके जैन, पॉजिटिव वार्ता के संस्थापक श्री मलय पिट व बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की उपस्थिति में पूरे भारत से उत्कृष्ट व्यक्तियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये सम्मानित किया तथा साथ ही डॉ तिलक तन्वर जी की 15वीं बुक का लोकार्पण भी किया गया।

# बोईसर : आधार प्रतिष्ठान का सामुदायिक विवाह समारोह संपन्न

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी




**पालघर**। आधार प्रतिष्ठान बोईसर और शिवसेना आदिवासी समाज प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार,21 अप्रैल को औद्योगिक शहर बोईसर प.सर्कस ग्राऊंड में आयोजित 'सामुदायिक विवाह समारोह' में 176 दुर्बल परिवारों की आदिवासी बहनों का पारंपरिक रीतिरिवाजों से हाथ पीले करते वैवाहिक संस्कार संपन्न हुआ। राज्य सरकार की ओर से आदिवासी बहनों के शुभ विवाह के मौके पर आर्शिवाद एवं कन्यादान के लिए सम्मिलित हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शिवसेना नेता व उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से भी शुभकामनाएं,उपहार एवं बधाई भेंट की। बताते चलें कि आधार प्रतिष्ठान, बोईसर के तत्वावधान में लागातार 17 वें वर्ष में आय़ोजित 'सामुदायिक विवाह समारोह' में शिवसेना उपनेता व आधार प्रतिष्ठान के सचिव जगदीश धोड़ी ने कहा कि ऐसे आयोजन का ध्येय आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी परिवार के बेटियों की शादी कर्ज का बोझ ने बने इसके लिए प्रयत्न किये जा रहे है। धोडी ने मंत्री सरनाईक का समारोह में सम्मिलित होने पर आभार जताया तो परिवहन मंत्री ने विवाह समारोह की दिल से प्रशंसा करते आयोजकों की तारीफ करते नये जोड़ों का दिलखोलकर आर्शिवाद दिया।

विवाह समारोह में शिवसेना संपर्कप्रमुख रविंद्र फाटक,विधायक राजेंद्र गावित,जिला प्रमुख कुंदन संखे,उपनेता ज्योति मेहेर,भाजपा नेता संजय ज.पाटील,सत्यप्रकाश सिंह,आधार प्रतिष्ठान प्रमुख महेंद्र सिंह,सभासद वैभव संखे,आनंद धोडी,पुर्णिमा धोडी, सागर धोडी संग पुलिस अधिक्षक बालासाहेब पाटील समेत अनेकोजन मंच पर विराजमान रहे।

# कांग्रेस पार्टी ने भिवंडी कॉमन रोड की खस्ता हालत को लेकर "सड़क रोको" विरोध प्रदर्शन की घोषणा

तरुणमित्र / ब्यूरो



**भिवंडी** : भिवंडी के वरिष्ठ कांग्रेस मेंबर और प्रसिद्ध समाजसेवी परवेज खान (पीके) ने बताया कि महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण विंग के अध्यक्ष समीर सुभाष वर्तक ने भिवंडी कामन रोड के खतरनाक और जर्जर मार्ग के खिलाफ आवाज उठाते हुए "रास्ता रोको" विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, जो 26 मई 2025 को किया जाएगा। पत्र का हवाला देते हुए परवेज खान (पीके) ने कहा कि अपने पत्र में उक्त व्यक्ति ने इस सड़क की खराब हालत का जिक्र करते हुए कहा कि दो जिलों को जोड़ने वाली भिवंडी कामन रोड की हालत बेहद खराब है और यह सड़क कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों मालवाहक और पैसिंजर वाहन गुजरते हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई उचित कदम नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अब बरसात का मौसम आ रहा है और यह सड़क और भी खतरनाक हो गई है। यात्रियों की जान को खतरा होने के बावजूद प्रशासन की चुप्पी खेदजनक है। समीर वर्तक ने स्पष्ट किया कि सरकार पर दबाव बनाने के लिए 26 मई को "रास्ता रोको" आंदोलन शुरू किया जाएगा ताकि सरकार और संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो जाएं। उन्होंने सरकारी विभागों को चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो जन विरोध तेज हो जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उल्लेखनीय है कि यह पत्र वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य एवं जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता परवेज खान (पीके) द्वारा मीडिया को उपलब्ध कराया गया था। परवेज़ खान (पीके) अपने सहयोगियों और पर्यावरण स्वयंसेवकों के साथ इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। साथ में परवेज़ खान अम्मार भाई, अशरफ भाई, नौशाद भाई सहित कई गणमान्य नेतागण शामिल था।

# न्यायमूर्ति अभय ओक को मातृ शोक

तरुणमित्र / ब्यूरो



**मुंबई** : न्यायमूर्ति अभय ओक की माताजी श्रीमती वासंती ओक का निधन एक दुखद घटना है। उनके निधन से न केवल ओक परिवार को बल्कि उनके सभी शुभचिंतकों और परिचितों को भी गहरा दुख हुआ है। वासंती ताई एक प्रसन्न व्यक्तित्व वाली महिला थीं। उनकी मुस्कान और बातचीत का तरीका बहुत ही सुंदर था। वह एक आत्मविश्वासी और स्वावलंबी महिला थीं। उनकी स्वच्छता और अनुशासनप्रियता की विशेषता थी। वासंती ताई को गणेश जी की विभिन्न मुद्राओं में चित्रकारी करने का बहुत शौक था। वह एक उत्कृष्ट चित्रकार थीं और उन्हें पढ़ने का बहुत शौक था।

# भारतीय सेना में राजपूत : एक गौरव पूर्ण इतिहास

तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणे** : राष्ट्रीय सुरक्षा और सेना के संदर्भ में जब कभी इतिहास का पन्ना खोला गया है ,वीरता और अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए जो क़ौम पीढ़ी दर पीढ़ी सेना के माध्यम से क़ुर्बानी को अपना कर्तव्य मान चुकी दिखाई देती है वह एकमात्र क़ौम है राजपूत ! राजपूतों द्वारा भारत में आज़ादी से पहले और आज़ादी के बाद सरहदी सुरक्षा के क्षेत्र में जो वीर गाथायें लिखी है उन्हें सुनकर आज लोगों के रौंगटे खड़े हो जाते है। पीढ़ी दर पीढ़ी शहादत का इतिहास हँसकर लिखने वाली यह कौम आज भी सेना में उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सदियों पहले हुआ करती थी।भारतीय सेना में राजपूतों के गौरवपूर्ण इतिहास की बात करें तो सन् 1775 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने राजपूत सैनिकों की बहादुरी और क्षमता को देखते हुए राजपूताना रायफ़ल्स की स्थापना की , ( सन 1921 में 6 रेजीमेंट्स को मिलाकर 6 वी राजपूताना रायफ़ल्स बनाई गई। राजपूताना रायफ़ल्स ने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में अदभुत साहस और शौर्य की अमर गाथाएँ लिखीं प्रथम विश्व युद्ध के दौरान राजपूताना रायफ़ल्स को 37 युद्ध सम्मान प्राप्त हुए जो उस समय के सर्वाधिक सम्मान थे। द्वितीय विश्व युद्ध में भी अपनी उच्च स्तर की बहादुरी और गौरवशाली वीरता के प्रदर्शन हेतु ' विक्टोरिया क्रॉस ' से सम्मानित किया गया था। कई अन्य राजपूत रेजीमेंट्स भी अपने योगदान के लिए जानी जाती हैं जिनमे - कुमाऊँ रेजीमेंट , जाट रेजीमेंट , राजपूताना रायफ़ल्स , डोंगरा रेजीमेंट्स , गढ़वाल रेजीमेंट्स , 170 मध्यम तोपख़ाना रेजिमेंट प्रमुख हैं । राजपूत रेजीमेंट भारतीय सेना की सबसे पुरानी पैदल सेना में से एक है जिसमें अधिकतर सैनिक मध्य प्रदेश , उत्तर प्रदेश , राजस्थान और गुजरात के राजपूत है।आज़ाद भारत में 1947 का भारत - पाक युद्ध , 1965 का युद्ध , 1971 का युद्ध , कारगिल युद्ध सहित श्री लंका की शांति सेना में भी शामिल होकर इन्होंने कर्तव्यों का श्रेष्ठ स्वरूप में पालन किया ,भारतीय सेना में राजपूतों के व्यक्तिगत योगदान की चर्चा करें तो अमर गाथाओं से पृष्ठ भरे पड़े है। लेकिन यदि नाम गिनाये जायें तो भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ़ बने फ़ील्ड मार्शल जनरल के एम करिअप्पा,जनरल महाराज राजेंद्र सिंह जडेजा पहले सेनाध्यक्ष और दूसरे फ़ील्ड मार्शल बने , लेफ़्टिनेंट सगत सिंह ( पीवीएसएम ) भारतीय सेना के तीन सितारा जनरल थे जिन्होंने गोवा और बांग्लादेश मुक्ति में अपना सफल नेतृत्व प्रदान किया। एडमिरल वी एस शेखावत और एडमिरल माधवेन्द्र सिंह जी ने नौ सेना प्रमुख के पद को सुशोभित किया राकेश कुमार सिंह भदौरिया द्वारा एयर चीफ़ मार्शल के रूप में गौरवशाली भारतीय वायु सेना को अपना नेतृत्व प्रदान किया । प्रथम सीडीएस रावत और वर्तमान सीडीएस चौहान आज भी नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं।स्वर्गीय जसवंत सिंह जी के बाद आज राजनाथ सिंह जी राष्ट्र में रक्षामंत्री की अहम भूमिका का निर्वाहन कर रहे है।राजपूत शब्द स्वयं एक अलंकरण बन चुका है फिर भी माँ भारती की सेवा में सर्वोच्च बलिदान और त्याग करने के लिये प्राप्त कुछ अलंकरणों के रूप में - मेजर शैतान सिंह भाटी , परमवीर चक्र , सूबेदार संजय कुमार , परमवीर चक्र , जयपुर महाराजा ब्रिगेडियर भवानी सिंह , महावीर चक्र , नायक जदुनाथ सिंह राठौड़ , परमवीर चक्र , ब्रिगेडियर हरि सिंह देवड़ा ,अतिविशिष्ठ सेवा पदक , कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह , परमवीर चक्र , लेफ़्टिनेंट हनुमंत सिंह राठौड़ , महावीर चक्र ,करणी सिंह राठौर , कीर्ति चक्र और कारगिल युद्ध में युद्ध नायक रहे लांस नायक दिनेश सिंह भदौरिया , मेजर एम पी सिंह , मेजर राजेश सिंह और शहीद लांस नायक करन सिंह के प्रमुख नाम है। इनके अलावा अनगिनत राजपूतों ने गुमनाम रहकर भी माँ भारती के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पित किया है।केवल राजपूत रेजिमेंट की ही बात करें तो 1 परमवीर चक्र , 1 अशोक पदक , 5 परम विशिष्ट सेवा पदक , 7 महावीर चक्र , 12 कीर्ति चक्र , 58 वीर चक्र , 20 शौर्य चक्र , हैं ।

# ग्रीन एनर्जी का अमरावती मॉडल देगा दुनिया को नई दिशा



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए जहां दुनिया के देशों में टुकड़ों-टुकड़ों में काम हो रहा है, वहीं आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू ने काम भी शुरू कर दिया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने में करीब करीब 65 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी और सोलर, पवन और जल विद्युत पर आधारित इस परियोजना में अमरावती में उपयोग आने वाली सारी बिजली रिन्यूवल एनर्जी स्रोत से ही प्राप्त होगी। सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली जीवाश्म ऊर्जा का अमरावती में नामोनिशान नहीं होगा। अपने आप में यह दुनिया के लिए ग्रीन एनर्जी के सपने को अमली जामा पहनाने की बड़ी, महत्वाकांक्षी और दुनिया के देशों के लिए प्रेरणीय पहल मानी जानी चाहिए।

कोई इसे इतिहास रचने की बात करता है तो कोई ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी और रचनात्मक पहल के रूप में देख रहा है। कहा जाए तो दुनिया के देश जिस तरह से ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और जिस तरह से बड़े बड़े शिखर सम्मेलनों के साझा घोषणा पत्रों में घोषणाएं हो रही हैं उससे अलग हटकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू की इस पहल को माना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस परियोजना पर नजर रख रहे हैं। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र प्रदेश की नई राजधानी में ग्रीन एनर्जी का यह प्रोजेक्ट 217 वर्गमीटर को समेटे है।

अमरावती को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी युक्त दुनिया का पहला शहर बनाने के लिए 2050 तक की मांग का आकलन कर लिया गया है करीब 2700 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। इसमें से 30 प्रतिशत सोलर और पवन आधारित उर्जा होगी तो 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पनबिजली आधारित होगी। ग्रीन एनर्जी के चार प्रमुख स्रोत हैं। इसमें सूर्य की गर्मी आधारित सोलर ऊर्जा, हवा के झोकों पर आधारित पवन ऊर्जा, जल आधारित पन बिजली परियोजना और भूगर्भ के ताप आधारित भूतापीय ऊर्जा को रिन्यूवल एनर्जी के नाम से जाना जाता है।

इसमें प्रमुखता से सोलर, पवन और पन बिजली को लिया जाता है। दरअसल जीवाश्म आधारित उर्जा जिसमें प्रमुखतः कोयला व लिग्नाइट का प्रयोग होता है। उसके चलते जलवायु में तेजी से परिवर्तन हुआ है और आज दुनिया के देश तापमान वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक रखने के लिए जूझ रहे हैं। दो प्रतिशत वृद्धि दर को डेढ़ प्रतिशत लाना टेड़ी खीर बना हुआ है। पेरिस घोषणा के अनुसार दुनिया के देशों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जलवायु परिवर्तन परिणाम आए दिन दिखते हैं,जिसमें तापमान में बढ़ोतरी, ग्लेशियरों का सिकुड़ना, अनपेक्षित मौसम चक्र, कभी तेज गर्मी तो कभी तेज सर्दी और कभी तेज बरसात । आंधी-तूफान, दावानल और चक्रवातों के नए नए रूप और बार-बार आवृति हमारे सामने हैं। समुद्र का जल स्तर बढ़ने से समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट आ गया है तो जंगलों के दावानलों का असर आसपास के शहरों खासतौर से अमेरिकी शहरों में देखा जा चुका है। सूखा और बाढ़ की समस्या बढ़ी है। दवाओं के बेअसर होने और संक्रामक रोगों की बढ़ोतरी सामने हैं।

हालांकि इसमें सरकारों की इच्छा शक्ति, संसाधन, आर्थिक सामाजिक हालात के साथ ही विकसित देशों द्वारा खुले दिल से सहयोग नहीं करना बड़ा कारण बनता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से दुनिया के देश सचेत नहीं हैं। बल्कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को लेकर रैंकिंग भी होन लगी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन रेकिंग में भारत 10वें स्थान पर है। रैंकिंग में डेनमार्क शीर्ष पर है। भारत में रिन्यूवल एनर्जी की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। गुजरात के कांडला सेज को पूरी तरह से हरित औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया है तो तमिलनाडु के महाबलीपुरम के शोर मंदिर को ग्रीन एनर्जी पुरातात्विक स्थल के रूप में पहचान मिल चुकी है। डेनमार्क का कोपेनहेगेन भी इसी श्रेणी में आता है। आस्ट्रेलिया का एडिलेड, कोरिया का सियोल, आइवरकोस्ट का कोकोडी, स्वीडन का मालमो और दक्षिणी अफ्रिका का केपटाउन ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए शहरों में से हैं। गुजरात के कांडला सेज में 1000 एकड में साढ़े तीन लाख पौधे रोपित किए गए हैं। समुद्र के नमक के पानी से प्रभावित क्षेत्र को जलवायु की दृष्टि से करीब करीब बदल ही दिया गया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में जो कार्य आरंभ हो रहा है वह समूची दुनिया के लिए एक मिसाल है। वहां पर सरकारी भवनों के साथ ही अन्य स्थानों पर सोलर पेनल और पवन उर्जा के स्रोत लगाए जाएंगे। भारत में केन्द्र व राज्य सरकारें अक्षय ऊर्जा के इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। राजस्थान रिन्यूवल एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में समूचे देश में आगे है और भड़ला पार्क जैसे सोलर पार्क यहां विकसित हो चुके हैं। सरकार अब घरों की छतों पर सोलर एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है तो खेती में सोलर पंपों और अन्य कार्यों में उपयोग सकारात्मक प्रयास माने जा सकते हैं। पर अमरावती इन सबसे अलग इसलिए हो जाती है कि यहां समग्रता से प्रयास करते हुए समूचे शहर को ग्रीन एनर्जी युक्त बनाया जा रहा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# नहीं चेते तो बढ़ेगा संकट



अतुल गोयल

मनुष्य की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं। विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है।

दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं।

वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पास कर इस दिवस को मान्यता प्रदान की। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए।22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है।

पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है।

परिणामस्वरूप अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। ये पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

**(लेखक, न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7422

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7421 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 8484

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | ■ | |
| 23 | 24 | ■ | | ■ | | ■ | 25 | |
| ■ | 26 | | | ■ | 27 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइनू-3
27. परिमूल्य-3

### ऊपर से नीचे

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

### शब्द पहेली -8483 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | आ | र | ति | ■ | अ | ना | मि | का |
| आ | ना | ■ | ल | जी | ज | ■ | ■ | र |
| ले | ■ | श | मि | ■ | र | न | ■ | तू |
| ख | ल | ब | ला | ना | ■ | र | ई | स |
| ■ | ग | ■ | ना | ■ | म | ■ | मा | ■ |
| ख | न | न | ■ | म | नो | न | न | य |
| लि | ■ | ल | क | ■ | रं | ग | ■ | ती |
| हा | ■ | ■ | हा | फि | ज | ■ | का | म |
| न | स | वा | र | ■ | न | ज | ला | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore



## आज का पंचांग

शुक्रवार 2025 वर्ष का 143 वा दिन, दिशाशूल पश्चिम ऋतु ग्रीष्म। विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1946, मास ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) पक्ष कृष्ण, तिथि एकादशी 22.30 बजे को समाप्त। नक्षत्र उत्तराभाद्रपदा 16.02 बजे को समाप्त। योग प्रीति 18.36 बजे को समाप्त। करण बव 11.55 बजे तदनन्तर बालव 22.30 बजे को समाप्त।

## आज का राशिफल




**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय समान्य रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष :** बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग हैं। शुभांक-5-7-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-2-5-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्घ होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें। शुभांक-4-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-3-6-8

**मकर :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्घ गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**मीन :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। शुभांक-2-4-6

# पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी के प्रयासों से केतकीपाड़ा की टल गई तोड़क कार्रवाई

## पर्यायी जगह देने के बाद ही कार्रवाई पर बनी सहमति

तरूण मित्र

**मुंबई।** दहिसर (पूर्व) में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के पास स्थित केतकीपाड़ा क्षेत्र के नागरिकों को वन विभाग द्वारा तोड़क कार्रवाई की नोटिस मिलने के बाद उनके बेघर होने का खतरा मंडरा रहा था। पर उनकी छत बचाने के लिए उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी जी-जान से जुटे हुए थे। वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से लेकर मंत्रालय तक पत्राचार और अनगिनत बैठकों के सिलसिलों द्वारा इन नागरिकों को न्याय दिलाने और सरकार के 'धोरण' अनुसार उन्हें मकान दिलाने के लिए जनसेवक गोपाल शेट्टी पूरी ताकत लगाकर प्रयास करते रहे। गुरुवार की सुबह वन विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस का सहयोग लेकर बड़े पैमाने पर यहां तोड़क कार्रवाई कर यहां के निवासियों के घरों को जमींदोज करने और सबको हटाने की योजना बनाई थी। लेकिन जनसेवक और पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वे तुरंत केतकीपाड़ा जा पहुंचे और हजारों नागरिकों के साथ चट्टान की तरह अडिग खड़े होकर तोड़क कार्रवाई करने वालों के समक्ष अभेद्य दीवार बन गए। अंततः जनसेवक गोपाल शेट्टी की सक्रिय मध्यस्थता और सभी अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा के बाद तब यह निर्णय लिया गया कि यहां के नागरिकों को वैकल्पिक घर दिए जाने के बाद ही यहां की जगह खाली की जाएगी। इसके परिणामस्वरूप आज की तोड़क कार्रवाई टल गई है और निवासियों को बड़ी राहत मिली है।

आज की ऐतिहासिक उपलब्धि में जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ-साथ बोरीवली के विधायक संजय उपाध्याय सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं तथा अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी पूर्ण साथ और सहयोग रहा। यह एक सकारात्मक और मानवीय दृष्टिकोण से लिया गया निर्णायक समाधान कहा जा सकता है। केतकीपाड़ा के हजारों नागरिकों ने इसके लिए अपने मसीहा बने जनसेवक गोपाल शेट्टी का आभार माना है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत स्टेशन योजना अंतर्गत गुजरात के 18 स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण किया

तरूण मित्र ब्यूरो



**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता और उनके विजन के परिणामस्वरूप देश को अमृत स्टेशन योजना का उपहार मिला है। इस योजना के तहत देश भर में 1,300 से अधिक स्टेशनों का कायाकल्प और पुनर्विकास किया जा रहा है। गुजरात में 6,303 करोड़ रुपये की लागत से 87 स्टेशनों का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 164 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित गुजरात के 18 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन राजस्थान के बीकानेर में आयोजित एक कार्यक्रम में किया।

अमृत स्टेशन परियोजना के तहत पुनर्निर्मित लींबडी स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी ने जब से देश की सेवा का दायित्व संभाला है, उन्होंने सेना से लेकर आम आदमी तक सभी की सुविधा, तैयारी और खुशहाली के लिए बुनियादी ढांचे और आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण की दृष्टि और संकल्प के साथ रेलवे के कायाकल्प, स्टेशनों के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं के नए आयाम स्थापित करने की पहल की है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 18 स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा हुआ। गुजरात में जिन 18 स्टेशनों का अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किया गया और जिनका प्रधानमंत्री ने वर्चुअल उद्घाटन किया। उनमें शिहोर जंक्शन, उतरान, डाकोर, डेरोल, हापा, जामजोधपुर, जामवंथली, कानालुस जंक्शन, करमसद, कोसंबा जंक्शन, लिंबडी, महुवा, मीठापुर, मोरबी, ओखा, पालीताना, राजुला जंक्शन और सामख्याली स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया को दिखा दिया है कि यदि जनता की सेवा करने की इच्छाशक्ति हो और विकास की राजनीति के प्रति प्रतिबद्धता हो तो सुशासन के माध्यम से रेलवे सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन कैसे लाया जा सकता है।

इस संदर्भ में उन्होंने गुजरात को रेलवे सेवाओं और बुनियादी ढांचे के उपहार का विवरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में, 2014 से राज्य में 3144 किलोमीटर रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है और गुजरात में 97 प्रतिशत रेलवे मार्गों का विद्युतीकरण किया गया है। इतना ही नहीं, 2025-26 के रेल बजट में गुजरात के लिए 17,155 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह 2009 से 2014 तक की अवधि के दौरान आवंटित बजट का औसतन 29 गुना है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन से देश में वंदे भारत ट्रेनों का जो नेटवर्क तैयार हुआ है, उसमें गुजरात को चार वंदे भारत ट्रेनों की सौगात मिली है। इसका उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश और दुनिया भर के यात्रियों को दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थल, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी-एकता नगर तक आसानी से पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए रेलवे सेवाओं का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात में 18 स्टेशनों के पुनर्विकास के बाद उद्घाटन से राज्य में रेलवे सुविधाएं और यात्री सुविधाएं अधिक सुविधाजनक होंगी।

### 103 रेलवे स्टेशनों के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लोगों ने रूचिपूर्वक देखा

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी द्वारा राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित 103 रेलवे स्टेशनों के उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण लोगों ने रूचि के साथ देखा। मुख्यमंत्री ने रेलवे स्टेशन पर विकसित अत्याधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा स्टेशन के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। इस उद्घाटन के अवसर पर नायब मुख्य दंडक जगदीशभाई मकवाणा, विधायकों में पी. के. परमार, प्रकाशभाई वरमोरा, अग्रणियों में हितेंद्रसिंह चौहान, दिलीपभाई पटेल, शंकरभाई दलवाड़ी, बाबाभाई भरवाड़ सहित अन्य नेता, पदाधिकारी, जिला कलेक्टर डॉ. राजेंद्र पटेल, जिला विकास अधिकारी के.एस. याज्ञिक, पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ. गिरीश पंड्या, मंडल रेल प्रबंधक रवीश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दिवा शहर की सड़कों को फेरीवालों और ठेला गाड़ियों को 7 दिन के भीतर मुक्त करें



## अन्यथा न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे, शिवसेना उद्धव ने मनपा आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

तरुणमित्र / ब्यूरो

**दिवा।** दिवा शहर की सभी सड़कों पर फेरीवालों का अतिक्रमण होने के कारण यातायात जाम की विकट समस्या बन गई है। जिसको देखते हुए शहर की मुख्य सड़कों को फेरीवालों से मुक्त कराया जाना चाहिए। ताकि वर्षों से परेशान नागरिकों को राहत मिल सके। अन्यथा शिवसेना (ठाकरे) मनपा प्रशासन के कुप्रबंधन के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। ऐसी चेतावनी शिवसेना उद्धव कल्याण ग्रामीण विधानसभा प्रमुख रोहिदास मुंडे ने मनपा आयुक्त सौरभ राव को दिए निवेदन पत्र के माध्यम से की है। दिवा में एक भी सड़क नहीं, जिस पर फेरीवालों और टपरी वालों का कब्जा नहीं है।जिसका खामियाजा यहां रहने वाले नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। मुंडे ने कहा है कि जिन लोगों ने फेरीवालों को आश्रय दिया है। उनके आर्थिक हित जुड़े हैं। चंद पैसों के लिए जनता को तकलीफ देना कत्तई न्याय संगत नहीं है। दिवा आगासन रोड, मुंब्रा देवी कालोनी रोड, दिवा स्टेशन से दिवा टर्निंग तक सभी सड़कों पर फेरीवालों का कब्जा है, जिससे यातायात जाम हो रहा है और नागरिकों के चलने के लिए जगह नहीं है। अगर एक सप्ताह में इस मामले को लेकर कोई कदम न उठाया गया तो न्यायालय में याचिका दाखिल करेंगे।

# मोबाइल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कितना उपयोगी

तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणे :** बच्चों के पालन-पोषण में तनावमुक्ति, संवाद और सक्रिय समय का बहुत महत्व है। संतुलित दिनचर्या और उचित मार्गदर्शन से हम बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास को सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके लिए माता-पिता को जागरूक और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आज से ही शुरुआत करें - खुद से मोबाइल के दौर में बच्चों को संभालना आज के डिजिटल युग में छोटे बच्चों में मोबाइल, टैबलेट और टीवी का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इस बढ़ते "स्क्रीन टाइम" के कारण कई मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसलिए माता-पिता के रूप में हमें जागरूक रहना और सही दिशा देना आवश्यक हो गया है। स्क्रीन टाइम कम करने के उपाय बच्चों के सामने स्क्रीन का उपयोग यथासंभव टालना चाहिए। जिस कमरे में बच्चे हों, वहां स्क्रीन का उपयोग सीमित करना चाहिए। यदि वर्क फ्रॉम होम के कारण स्क्रीन का उपयोग आवश्यक हो, तो स्पष्ट रूप से बताएं "यह मेरा काम है, इसलिए मैं लैपटॉप का उपयोग कर रहा हूं।" छोटे बच्चे देखकर सीखते हैं। इसलिए उनके सामने हम जो व्यवहार करते हैं, वह जिम्मेदारी से और सोच-समझकर होना चाहिए। बच्चों को मोबाइल के बजाय क्या करना चाहिए? बच्चों को व्यस्त रखना मतलब उन्हें केवल कुछ दिखाकर शांत रखना नहीं है। उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए निम्नलिखित चीजें उपयोगी है।उनके साथ समय बिताएं, संवाद करें, मैदानी खेल, चित्रकला, हस्तशिल्प जैसी गतिविधियों में शामिल करें। पुस्तकें पढ़ें या कहानियां सुनाएं, उन्हें प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके उत्तरों को महत्व दें। मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों की एकाग्रता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। वे जल्दी विचलित हो जाते हैं, एक चीज़ पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है और पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होती है। एक अनुभव एक माता-पिता का अनुभव है, जिनका बच्चा बचपन से मोबाइल के बिना सो नहीं सकता था। उन्हें इसके दुष्प्रभाव दिखाई देने लगे और उन्होंने इसे बदलने का फैसला किया।

# अरब सागर में कम दबाव बनने से गुजरात पर मंडरा रहा है चक्रवात का खतरा, प्रशासनिक एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश

तरूण मित्र, श्यामजी मिश्रा



**वलसाड जिला।** गुजरात पर चक्रवात का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने तूफान के संबंध में एक बयान जारी किया है। अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बन गया है, जो अगले 36 घंटों में डिप्रेशन में बदल सकता है। जिससे हवा की गति बढ़ जाएगी। कोंकण तट को भी सतर्क कर दिया गया है। कम दबाव के कारण गुजरात के कुछ इलाकों समेत सौराष्ट्र में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। गुजरात में एक सप्ताह तक भारी बारिश होगी। शुक्रवार को हवा की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। जबकि गोवा में 20 सेमी से अधिक बारिश होने की संभावना है। अगले दो-तीन दिनों में मानसून केरल में प्रवेश कर सकता है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में अगले सात दिनों तक बारिश हो सकती है। आज पूरे राज्य में सामान्य वर्षा का अनुमान है। कुछ क्षेत्रों में बारिश के लिए नारंगी अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य में पीला अलर्ट जारी किया गया है। आज जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, भरूच, सूरत, तापी, नवसारी, डांग, वलसाड, दमन और दादरा नगर हवेली में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि राज्य के अन्य जिलों में मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मछुआरों को कल शाम तक वापस लौटने की सलाह दी गई है। समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों को कल शाम तक वापस लौटने का निर्देश दिया गया है। दक्षिण कोंकण के ऊपर पूर्व-मध्य अरब सागर के पास एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। कल शाम तक एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन सकता है। दक्षिण गुजरात और दक्षिण सौराष्ट्र में भारी बारिश का अनुमान है। इसके अलावा अहमदाबाद और गांधीनगर में भी बिजली गुल हो सकती है।

**प्रशासनिक एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए** : मौसम विभाग ने अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण गुजरात के सूरत, तापी, वलसाड, डांग, नवसारी, अमरेली और भावनगर जिलों में तेज हवाएं और बारिश का अनुमान जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए राज्य के इन जिलों में जिला प्रशासन को सतर्क और सजग रहने तथा 24x7 नियंत्रण कक्ष संचालित करने के निर्देश दिए हैं।


# कुर्ला में विधायक राजहंस सिंह के प्रयासों से विकास कार्यों की शुरुआत

तरुणमित्र / रामकुमार मधुकर



**मुंबई :** कुर्ला के वार्ड क्रमांक 166 के विभिन्न इलाकों में मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक राजहंस सिंह के विधायक निधि से विकास कार्यों की शुरुआत हुई है। भाजपा जिला महासचिव डॉ. नितेश राजहंस सिंह की मौजूदगी में अलग-अलग स्थानों पर विकास कार्यों की शुरुआत हुई।बताया जाता है कि एचडीआईएल बिल्डिंग परिसर में लादीकरण के साथ ही डक्ट एवं चेंबर को उंचा किया जाना है। जिससे की लोगों को बारिश में मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़े। ड्रेनेज लाइन सुधारने का काम होगा। इसी तरह, विधायक निधि से गफूर खान इस्टेट में ड्रेनेज लाइन का काम किया जाना है।जयभवानी चौक परिसर में पवार ब्लॉक व ड्रेनेज लाइन के साथ ही श्री विघ्नेश्वर मित्र मंडल व तारा बाई कंपाउंड में गटर व लादीकरण कारण का काम किया जाना है।भाजपा जिला महासचिव डॉ. नितेश सिंह ने बताया कि शांतिनगर नवरात्रोत्सव मंडल के आग्रह पर वाचनालय का निर्माण एवं छत्रपति संभाजी महाराज चौक पर समाज मंदिर का नूतनीकरण एवं सड़क का कांक्रीटीकरण भी इस दौरान किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के न्यू मिल रोड मंडल के अध्यक्ष दीपू सिंह, कुर्ला मंडल अध्यक्ष शैलेश नगरकर, वार्ड अध्यक्ष प्रणव सावंत सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय गेहूं बाजार में उठक बैठक जारीः उदय सुरेश भाई ठक्कर



तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणे।** कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के उदय सुरेश भाई ठक्कर ने कहा अगले सप्ताह दक्षिणी प्लेन्स के पश्चिमी हिस्सों में अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा की संभावना सीमित है, जबकि कुछ सॉफ्ट रेड विंटर (SRW) इलाकों में अधिक नमी वाला मौसम देखने को मिल सकता है। गुरुवार सुबह जारी की जाने वाली एक्सपोर्ट सेल्स रिपोर्ट में 2024/25 की गेहूं की बिक्री में 200,000 मीट्रिक टन तक की शुद्ध कमी या अधिकतम 100,000 मीट्रिक टन तक की बिक्री देखने को मिल सकती है। नई फसल के गेहूं की बिक्री 300,000 से 700,000 मीट्रिक टन के बीच रहने की उम्मीद है। SovEcon ने 2025 के लिए रूसी गेहूं उत्पादन का अनुमान 81 मिलियन मीट्रिक टन लगाया है, जो उनके पिछले अनुमान से 1.3 मिलियन मीट्रिक टन अधिक है, लेकिन पिछले साल के 82.6 मिलियन मीट्रिक टन के आंकड़े से थोड़ा कम है। USDA का अनुमान 83 मिलियन मीट्रिक टन पर है।

# बकरी ईद के लिए भिवंडी निजामपुर मनपा की तैयारियाँ पूर्ण, 56 कुर्बानी केंद्रों पर रहेगी खास व्यवस्था

तरुणमित्र / अनिल वर्मा



**भिवंडीः** आगामी 7 जून से 9 जून 2025 तक बकरी ईद का पर्व भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका क्षेत्र में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित कार्यप्रणाली के अंतर्गत संपूर्ण योजना और तैयारियों का जानकारी आज मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में मनपा अधिकारी, पुलिस विभाग, पशु वैद्यकीय विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में आयुक्त ने विभिन्न विभागों—जैसे बांधकाम, पाणीपुरवठा, वाहन, आरोग्य और पशु वैद्यकीय विभाग—से संवाद साधते हुए उनकी तैयारियों की समीक्षा की। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी 56 स्थानों पर कुर्बानी केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर साफ-सफाई और कचरा व्यवस्थापन के लिए 200 टेंपो, 14 जेसीबी, 11 जीप और 3 क्रेन की व्यवस्था की गई है। साथ ही कुर्बानी के बाद सफाई के लिए 25 पानी के टैंकर भी तैनात किए गए हैं। जनावरों की स्वास्थ्य जांच हेतु पशु वैद्यकीय विभाग से 96 अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो 6 जून को शहर में उपलब्ध रहेंगे। कानून व्यवस्था के लिए सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले ने बताया कि सुरक्षा की तैयारी पूर्ण हो चुकी है और जल्द ही मौलवियों व कसाई संगठनों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। आयुक्त ने निर्देश दिए कि जनावरों के अवशेष उठाने वाले टेंपो को वार्डनुसार क्रमांक देकर वितरित किया जाए और सफाई कार्य तुरंत शुरू किया जाए। पश्चात पानी छिड़काव और औषधीय फवारणी कर सफाई सुनिश्चित की जाए। अपशिष्ट दफनाने के गड्ढों में समय-समय पर कीटनाशक दवा भी डाली जाए। आयुक्त अनमोल सागर ने अपील की कि मनपा अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन नियोजनबद्ध रूप से करें और नागरिक प्रशासन को सहयोग दें। तीन दिनों तक कचरा उठाने का कार्य बंद रहेगा, इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि घर का कचरा एकत्र कर घंटागाड़ी में ही डालें ताकि दुर्गंध और बीमारी से बचाव हो सके। बैठक में अन्य वरिष्ठ अधिकारी और विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

# ठाणे में बिल्डिंग की लिफ्ट में फंसे पांच लोग, 25 मिनट बाद लिफ्ट से निकाला गया बाहर

तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणेः** बालकुम इलाके में एक 38 मंजिला इमारत की लिफ्ट तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई। इस लिफ्ट में इमारत के 5 निवासी फंस गए थे। उन्हें 25 मिनट बाद लिफ्ट से बाहर निकाला गया। बुधवार रात हुई इस घटना पर नागरिक चिंता व्यक्त कर रहे हैं। बुधवार रात ठाणे शहर में गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इस बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कुछ स्थानों पर बिजली गुल हो गई। इस बीच, एक घटना सामने आई जिसमें ठाणे के एक बड़े परिसर में एक लिफ्ट तकनीकी खराबी के कारण अटक गई। ठाणे स्थित बालकुम इलाके में वैकुंठ पिरामिड सोसाइटी में वैराट इमारत है। यह इमारत 38 मंजिला है। इस इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित लिफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण 5 लोग फंस गए थे। यह घटना बुधवार रात को हुई जब शहर में भारी बारिश हो रही थी। इस घटना के बाद इमारत में रहने वाले लोग जमा हो गए। लेकिन, वे भी लिफ्ट में फंसे निवासियों को बाहर निकालने में असफल रहे। इस बीच, स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। इसके अलावा, अग्निशमन विभाग से सूचना मिलने पर आपदा प्रबंधन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। दोनों टीमों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। लेकिन, वे इसमें सफल नहीं हुए। आखिरकार करीब 25 मिनट की मशक्कत के बाद लिफ्ट में फंसे व्यक्ति को दमकलकर्मियों की मदद से बचा लिया गया। लिफ्ट में कुल 5 लोग फंस गए थे। इसमें एक दम्पति, उनकी 2 वर्षीय बेटी तथा 2 अन्य महिलाएं शामिल थीं। लिफ्ट में फंसे किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई।

## संक्षिप्त समाचार

### चारपाई पर खून से लथपथ मिला मिल मालिक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर देहात में सट्टी थाना के कुंवरपुर स्थित निर्माणाधीन तेल मिल में गुरुवार सुबह मालिक रामप्रकाश कटियार (70) का शव संदिग्ध हालत में खून से लथपथ चारपाई पर मिला। सुबह सात बजे के करीब मिल मालिक को दूध देने पहुंचे गांव के एक बच्चे को मेनगेट खुला मिला।

अंदर जाने पर उसे शव चारपाई पर पड़ा देखा, तो शोर मचाया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक के परिजन ने हत्या का आरोप लगा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसपी अरविंद मिश्रा, एएसपी राजेश पांडेय ने घटना स्थल पर जांच पड़ताल की। पुलिस को मृतक के सिर चोट मिली।

**कई बिंदुओं पर की जा रही है जांच–** वहीं, पास में एक लकड़ी का टुकड़ा बरामद हुआ। चारपाई के पास दूसरी मंजिल पर लगा सीसीटीवी कैमरा भी पड़ा मिला। एसपी अरविंद मिश्रा ने बताया कि इमारत निर्माणाधीन है। बुधवार को आंधी आने के दौरान चौथे तल पर लगी शटरिंग गिरने से घायल होकर मिल मालिक की मौत हुई है। फिलहाल कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### धीरेंद्र कुमार बने नए परीक्षा नियंत्रक, जल्द लेंगे चार्ज

**अलीगढ़, एजेंसी।** राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी को नए परीक्षा नियंत्रक मिल गए हैं। धीरेंद्र कुमार को यूनिवर्सिटी में परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया है। वह जल्दी ही अलीगढ़ आकर कार्यभार संभालेंगे।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के कुलसचिव धीरेंद्र कुमार को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। यह पद 15 मई से रिक्त चल रहा था। 15 मई को उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने विवि के परीक्षा नियंत्रक अजय कृष्ण यादव को हटा दिया था।

### सत्संग सुनकर सो रहे तीन लोग कार से दब कर हुए घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

**अलीगढ़ , एजेंसी।** थाना पालीमुकीमपुर के गांव दत्ताचोली खुर्द स्थित सतनाम स्वामी सेवा आश्रम पर 20 मई को सत्संग हुआ। आसपास के जिलों से सैकड़ों अनुयायी इसमें शामिल हुए। सत्संग देर रात तक चला। समापन के बाद कुछ लोग वहां पर तंबू में सो गए तथा कुछ लोग पास के खेत में खड़ीं कारों के पास सोए।

21 मई सुबह चार बजे दादों निवासी पवन पुत्र ओमप्रकाश, कौशल पुत्र अरविंद व थाना शिकारपुर जनपद बुलंदशहर निवासी अमित पुत्र राधाचरण पार्किंग में सो रहे थे। इसी दौरान एक कार स्टार्ट नहीं होने पर कुछ लोग धक्का देने लगे। बैक गियर में चली कार स्टार्ट होने से पीछे सो रहे तीनों लोग दब कर घायल हो गए। घायलों को आश्रम से जुड़े कर्मचारी व परिजन छर्रा के निजी अस्पताल ले गए। जहां कौशल पुत्र अरविंद, अमित पुत्र राधाचरण को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। पवन पुत्र ओमप्रकाश का अलीगढ़ के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। क्षेत्राधिकारी छर्रा धनंजय सिंह ने बताया तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### शाहरुख पर नहीं आया रहम...बेरहमी से तब तक पीटा, जब तक मौत न हो गई

**आगरा , एजेंसी।** आगर के शाहगंज के शिव नगर में पुलिस की लापरवाही से जूता कारीगर शाहरुख की मौत हो गई। आरोप है कि पड़ोसी चाचा-भतीजे ने तीसरी बार इतनी बेरहमी से पीटा की जान चली गई। गुस्साए परिजन ने बुधवार को पुलिस चौकी गेट पर शव रखकर हंगामा किया। एसीपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब शांत हुए। मामले में फरार चांद और फरीद को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान एक आरोपी को गोली लगी है। एसीपी लोहामंडी ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के चेकिंग के दौरान इन आरोपियों के पकड़े जाने के बाद मुठभेड़ हुई।

# प्रदेश में आफत बनकर आई आंधी-बारिश

## पूर्वी और पश्चिम के जिलों में 19 मौतें; रास्तों पर गिरे सैकड़ों पेड़

**लखनऊ , एजेंसी।** पूरे प्रदेश में बुधवार को बिगड़े मौसम ने कई लोगों की जान ले ली। कई लोग आंधी में पेड़ गिरने या टिन शेड की वजह से घायल हो गए। पश्चिम यूपी में सबसे ज्यादा प्रभाव दिल्ली से सटे जिलों में रहा। आंधी-बारिश से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई तो वहीं आम की फसल को नुकसान होने का अनुमान है।

आंधी-बारिश के दौरान बुधवार की सुबह गोरखपुर मंडल में तीन लोगों की मौत हो गई। गोरखपुर के एम्स थानाक्षेत्र में वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गई। वहीं, कुशीनगर में बाग में पेड़ गिरने से एक किशोर और झोपड़ी से दबकर एक महिला की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक गोरखपुर के एम्स इलाके के रजही में बुधवार की सुबह जंगल रामगढ़ उर्फ रजही शिवमंदिर टोला निवासी मुन्नीलाल मौर्या की पत्नी कैलाशी देवी (48) बेटे धीरज (19) के साथ भिंडी के खेत में सब्जियां तोड़ने गईं थी। इसी दौरान बिजली गिरने से दोनों झुलस गए। परिजनों ने दोनों को एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां धीरज की मौत हो गई। कैलाशी देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, कुशीनगर के कसया क्षेत्र के डुमरी चुरामन छपरा गांव के बागीचे में बच्चे आम बीनने गए थे। इसी बीच बारिश शुरू हो गई। आम का एक पेड़ गिर जाने से गांव का कृष्णा (14) और उसकी बहन ममता दब गईं। दोनों को कसया सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया।

उधर, रामकोला क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी रमाकांत कुशवाहा की पत्नी मानती (46) बुधवार को खेत में निराई कर रहीं थीं। इस दौरान शुरू हुई बारिश से बचने के लिए पास की एक झोपड़ी में चली गईं जहां चार महिलाएं और छिपीं थीं। मानती झोपड़ी में लगा बांस पकड़कर खड़ी थीं जबकि अन्य महिलाएं वहां रखे तख्त के नीचे छिपी थीं। अचानक हवा के तेज झोंके से झोपड़ी के साथ मानती देवी भी उड़कर दूर जा गिरीं। तख्त के नीचे छिपी महिलाओं के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और मानती को



झोपड़ी से बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

**आंधी में दीवार और टिनशेड गिरने से पिता-पुत्री समेत तीन की मौत–** निघासन क्षेत्र में आंधी से दीवार और टिनशेड गिरने से पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पलिया, मझगईं व बिजुआ क्षेत्र में कई जगह सड़कों पर पेड़ गिरने से रास्ते बाधित हो गए हैं। मझगईं थाना क्षेत्र के गांव छेदुई पतिया फार्म निवासी रक्षपाल सिंह अपने परिवार के साथ घर में ईंटों की दीवार पर पड़े छप्पर के नीचे सो रहे थे। सुबह आई तेज आंधी में दीवार के साथ छप्पर गिर गया। इससे रक्षपाल सिंह (45), उनकी पत्नी सर्वजीत कौर (40), दूसरी पत्नी सीता कौर (38), 13 वर्षीय पुत्र गुरजीत और 10 वर्षीय पुत्री रमनदीप मलबे में दब गए। पड़ोसियों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। तब तक पुत्री रमनदीप की मौत हो चुकी थी। गंभीर हालत में रक्षपाल को जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अन्य तीनों घायलों का निघासन सीएचसी में इलाज चल रहा है।

### सीएम योगी ने जारी किए दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में आगे की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

क्षेत्र के गांव ग्रंट नंबर 12 निवासी 80 वर्षीय पत्नी फुलवासा घर में दीवार के सहारे पड़े टिनशेड के नीचे सो रही थी। बुधवार सुबह 6:30 बजे आंधी से टिनशेड और उस पर रखी ईंटें वृद्धा पर गिर गईं। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन परिजन उनको फूलबेहड़ सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां उनकी मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक कमलेश नारायण ने बताया कि सिर में ज्यादा चोट लगने से उनकी मौत हुई है।

लगातार उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को बुधवार रात आठ बजे के बाद आए आंधी-तूफान और झमाझम बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी। वहीं, कई स्थानों पर जलभराव और पेड़ व उनकी टहनियों के टूटने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के अंडरपास पर जलभराव होने से कई वाहन फंसे गए। इस दौरान दो महिला और एक युवक की मौत हो गई। वहीं जिले में 50 से ज्यादा पेड़ उखड़ कर सड़क पर गिर गए। संजयनगर सेक्टर 23 स्थित मस्जिद के पास करीब 46 फुट ऊंचा बरगद का पुराना पेड़ सड़क किनारे खड़े चार पहिया वाहनों पर गिर गया। गनीमत रही कि कार के अंदर कोई मौजूद नहीं था। वहीं मधुबन बापूधाम में पेड़ गिरने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दूसरी ओर खोड़ा में स्कूल की दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई। निडौरी में आकाशीय बिजली कड़कने से दहशत में आकर महिला नाले में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

### अलग-अलग जिलों में मौतें

इसके अलावा मौसम में बदलाव की वजह से मेरठ में दो और अलीगढ़ में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सोनभद्र में बिजली गिरने से एक बच्ची सहित दो लोगों की मौत हो गई। झांसी की राजापुर गांव एक व्यक्ति की मौत लू लगने से हो गई। पश्चिमी यूपी के जिले बिजनौर में आंधी की वजह से गिरे एक पेड़ के चलते एक सिपाही की जान चली गई।

**अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवसः सीएम योगी बोले-**

# विकास का ऐसा मॉडल अपनाएं जो आत्मघाती न हो

**लखनऊ , एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जैव विविधता के महत्व को भारत से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। किसी सनातन परिवार में मांगलिक कार्य की शुरुआत शांति पाठ से होती है। ये अपने लिए नहीं होता बल्कि पूरे संसार के कल्याण की कामना के साथ मांगलिक कार्य शुरू होता है। ये वेद की सूक्ति के साथ शुरू होता है। अगर मनुष्य को जीवित रहना है तो संसार के बारे में सोंचना होगा। वेदों में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके बेटे हैं। मुख्यमंत्री लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए। हमें विकास का ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जो कि आत्मघाती न हो। प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है। प्राचीन काल में हर गांव में खलिहान की भूमि होती थी। लोग खेत में आग नहीं लगाते थे। पराली में आग नहीं लगाते थे। गांव में खाद का खड्डु होता था। कंपोस्ट के रूप में उसका इस्तेमाल होता था। हर गांव में तालाब था। उसे गंदा



नहीं करते थे। सुविधा के साथ खड्ड, खलिहान और गोचर जमीन पर कब्जा हो गया। तालाब के पानी को गंदा कर दिया गया। आज इंसेफेलाइटिस जैसे बीमारी हो गई। अपने लिए हमने बीमारी बुला ली।

उन्होंने कहा कि क्या हर काम के लिए सरकार पर ही निर्भर रहना चाहिए। पहले कोई व्यक्ति गांव की जमीन पर कब्जा नहीं करते थे। लोग प्रकृति की आराधना करते थे। ऋषि परम्परा में पीपल, बरगद, नीम और आम आदि में ईश्वर का वास बता दिया ताकि हम संरक्षण कर सकें। पहला ग्रास गाय और अंतिम ग्रास कुत्ते का निकाला जाता था। पहले घर में चींटी निकलती थी आता और चीनी डाल देते थे। चींटी चली जाती। आज स्प्रे छिड़क देते हैं। आज हमने विकास के नाम पर अपने लिए समस्या खड़ी कर दी है।

आज हम ड्रेनेज और औद्योगिक कचरे को सीटीपी में ले जाना चाहते हैं जबकि सामान्य ड्रेनेज के लिए सीटीपी की जरूरत नहीं है। मुझे कभी-कभी जीवों के अचानक बदले व्यवहार को देखकर आश्चर्य होता है। जंगली जानवर अचानक हिंसक नहीं होता। उसके कारणों को जानना होगा। 210 करोड़ पौधे लगाकर हमने वन दायरा बढ़ाने की पहल की है।

### पृथ्वी केवल मनुष्यों के रहने के लिए नहीं है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमामि गंगे के परिणाम कानपुर में देखिए। रामायण का पहला बलिदानी जटायु है। जटायु के लिए संरक्षण केंद्र बनाने पड़ रहे हैं। आज केमिकल की वजह से जटायु अस्तित्व को जूझ रहा है। पता नहीं किसने देसी आम और जामुन के पेड़ काटने के आदेश से दिए। ये पृथ्वी केवल मनुष्य के लिए नहीं है। हमें रहना है तो पर्यावरण, नदी, पेड़, जीव जंतुओं के बारे में सोचना होगा। इसमें सरकार, पर्यावरणविद और आम लोगों को जोड़ने से सार्थक परिणाम सामने आएंगे। पर्यावरण बोर्ड इसमें काम कर रहा है।

# कन्नौज कांडः नवाब के जेल से बाहर आने पर होंगी तीन हत्याएं

## अभियोजक ने मेडिकल करने वाली डॉक्टर को धमकाया

**कन्नौज, एजेंसी।** कन्नौज जिले के किशोरी दुष्कर्म कांड में एक नया मोड़ आ गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करने वाली डॉक्टर ने गैंगस्टर नवाब सिंह यादव व उसके भाई नीलू यादव समेत सरकारी वकील व पीड़िता की बुआ के खिलाफ धमकाने की एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया गया कि विशेष लोक अभियोजक ने धमकी दी कि नवाब सिंह यादव के जेल से छूटने के बाद तीन लोगों की हत्या की जाएगी।



डॉक्टर की गवाही से इस मुकदमे पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा में तैनात डॉ. स्वास्तिका शालिनी ने एसपी विनोद कुमार के आदेश पर सदर कोतवाली में गांव अड़ंगापुर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव, उसके भाई वीरपाल उर्फ नीलू, विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे, तिर्वा कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़िता की बुआ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

**जेल से छूटने वाले हैं नवाब सिंह यादव–** इसमें आरोप लगाया कि सदर कोतवाली में दर्ज दुष्कर्म के मुकदमे में उन्होंने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण किया था। पॉक्सो न्यायाधीश की कोर्ट से गवाही के लिए 19 मार्च को सम्मन जारी हुआ था। वह कोर्ट में उपस्थित हुई और पांच घंटे वकीलों ने उनसे जिरह की। सरकारी वकील किशोर दोहरे ने कहा कि नवाब सिंह यादव जेल से छूटने वाले हैं।

### जेल से बाहर आने पर तीन लोगों की हत्या होगी

तुम्हारी इस गवाही से मुकदमे में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पीड़िता ने अपने बयान बदल दिए हैं। नवाब सिंह के जेल से बाहर आने पर तीन लोगों की हत्या होगी। कोर्ट में मौजूद पति डॉ. रवींद्र कुमार साहू ने यह बात सुनी। इससे पहले पति जिला अस्पताल में तैनात थे। वर्तमान में वह इटावा जिले के बकेवर कस्बे में 50 शैया अस्पताल में तैनात हैं।

### मामले की विवेचना में जुटी पुलिस

उस दौरान पति के खिलाफ एससीएसटी का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया था। डॉ. स्वास्तिका शालिनी ने पति सहित परिजनों की हत्या करने की आशंका जताई है। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नेपाल के रास्ते घुसपैठ की कोशिश में 37 पाकिस्तानी-बांग्लादेशी, सीमा पर हाई अलर्ट; अतिरिक्त जवान तैनात

**बहराइच , एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाया पाकिस्तान अब नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ का प्रयास कर रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार करीब 37 संदिग्ध पाकिस्तानी व बांग्लादेशी नेपाल में मौजूद हैं। उनकी कोशिश किसी तरह से भारत में दाखिल होने की है।

सूत्रों के अनुसार वह लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या व मथुरा को निशाना बना सकते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर बहराइच से बलरामपुर तक लगती नेपाल सीमा पर एसएसबी के 1500 अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी ने सीमा क्षेत्र में दोहरी गश्त बढ़ा दी है। इसके तहत जवान आमने-सामने से गश्त कर रहे हैं। वन क्षेत्र में भी अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए चौकी



बनाई गई है। नेपाल से हर आने-जाने वालों के पहचान पत्र की जांच की जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी सीसीटीवी से भी निगरानी कर रही है।

बलरामपुर के एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम सीमा पर 24 घंटे नजर रख रही हैं। ग्राम सुरक्षा समितियों को भी सक्रिय किया गया है। जरवा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि सीमा क्षेत्र में पीएससी के जवान, पुलिस और एसएसबी संयुक्त रूप से गश्त कर रही है। एसएसबी की कोयलाबास चौकी प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि सीमा पर सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है। गुरुंग नाका चौकी प्रभारी निरीक्षक एच. सोमेन सिंह ने बताया कि यहां से आवाजाही रोक दी गई है।

**नेपाल से लगते सभी जिलों में अलर्ट–** घुसपैठ की आशंका में नेपाल से लगते उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, पीलीभीत व लखीमपुर खीरी में भी अलर्ट जारी किया गया है।

# महंत आवास पर चोरी अपडेट; हाउसकीपिंग, रसोइया और पुराने ड्राइवर ने मिलकर रची थी साजिश

**वाराणसी , एजेंसी।** संकटमोचन मंदिर के महंत और आईआईटी बीएचयू के प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्रा के तुलसी घाट स्थित आवास से गहनों और नकदी की चोरी की साजिश हाउसकीपिंग जितेंद्र सिंह उर्फ गोलू पटेल, रसोइया अतुल शुक्ला और पहले ड्राइवर रहे राकेश ने रची थी। इसका खुलासा बुधवार को पुलिस ने किया।

पुलिस ने मुठभेड़ में छह बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक करोड़ रुपये मूल्य से ज्यादा के 391 पीस गहने, 1.16 लाख रुपये, तीन तमंचा और तीन कारतूस बरामद किया है। इनमें से सोने-चांदी की 50 सामग्रियां ऐसी भी हैं, जिनका उल्लेख एफआईआर में नहीं किया गया था। पुलिस को अभी एक बदमाश की तलाश है।

प्रो. मिश्र के आवास से गत रविवार की दोपहर तीन पीढ़ी के गहने और नकदी चोरी हुई थी। प्रो. मिश्र सोमवार की दोपहर दिल्ली से आवास पर आए तो चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने बताया कि जितेंद्र सिंह उर्फ गोलू पटेल महंत आवास पर हाउसकीपिंग और अतुल शुक्ला रसोइया का काम कर रहे थे।

अन्य डेढ़ से दो साल पहले काम से हटाए जा चुके थे। सभी चोरी या किसी न किसी गलती के चलते ही काम से हटाए गए थे। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि जितेंद्र, अतुल और पहले ड्राइवर रह चुके राकेश ने चोरी की साजिश रची। तीनों का कहना था कि महंत आवास में पहले भी चोरी की जो घटनाएं हुईं, उनकी पुलिस से कभी शिकायत नहीं की गई।

स्टाफ की गलती पकड़े जाने पर सिर्फ उसे काम से हटा दिया जाता था। महंत प्रो. मिश्र अपनी पत्नी आभा मिश्रा के साथ शहर से बाहर गए थे। इसलिए जितेंद्र, अतुल और राकेश ने बातचीत कर चार अन्य पुराने कर्मचारियों को गत 17 मई को शहर बुलाया। सभी ने महंत आवास के चौतरफा घूम कर रेकी की।

### खंगालेंगे आपराधिक इतिहास, करेंगे गैंगस्टर की कार्रवाई

डीसीपी क्राइम / एडीसीपी काशी जोन सरवणन टी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जाएगा। आपराधिक इतिहास के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। घटना से संबंधित सीसी कैमरों की फुटेज, सर्विलांस की मदद से सामने आए तथ्यों और बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

### पुलिस आयुक्त ने पुलिस टीम को देंगे एक लाख रुपये का इनाम

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुरस्कृत होने वाले पुलिस कर्मियों में एसओजी प्रभारी मनीष कुमार मिश्र व उनकी टीम, रामनगर थानाध्यक्ष राजू सिंह व उनकी टीम और भेलूपुर थानाध्यक्ष गोपालजी कुशवाहा, अस्सी चौकी इंचार्ज पार्थ तिवारी व उनकी टीम शामिल है।

# मन्नत पूरा करने परिवार गया तरकुलहा, घर के लड़के का अपहरण-जानिए 3 घंटे में ही कैसे हुई बरामदगी

**गोरखपुर, एजेंसी।** क्षेत्र के तरकुलहा मेला परिसर से बुधवार को 11 वर्षीय बालक के अपहरण की सूचना पर हड़कंप मच गया। पिता ने डायल 112 पर बेटे के लापता होने की जानकारी दी। सूचना के बाद एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। रात आठ बजे सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने तीन घंटे में 11 बजे देवरिया से बालक को सकुशल ढूंढ निकाला। बताया जा रहा है कि किसी रिश्तेदार ने ही अपहरण कराया था। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर चौरीचौरा पुलिस पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली थानाक्षेत्र के वार्ड नंबर 20 गोपालपुर निवासी जगदीश सिंह बुधवार को छोटे बेटे लकी सिंह (11) की मन्नत पूरा करने के लिए तरकुलहा मंदिर आए थे। लकी सिंह की तबीयत बराबर खराब रहती थी।

तबीयत ठीक हो जाने पर बकरे की बलि देने का मन्नत माना गया था। बुधवार को



जगदीश सिंह अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ तरकुलहा पहुंचे थे, जहां पर बलि के बाद खाना बन रहा था। इसी बीच लकी सिंह अपने साथ के कुछ बच्चों के साथ मेले में घूमने के लिए गया और लापता हो गया।

काफी देर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू कर दी, लेकिन नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक बालक के अपहरण होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीमें सक्रिय हो गई थी।

# अन्तर्जनपदीय 2 शातिर चोर गिरफ्तार, भदोही और वाराणसी में चोरी,लूट व गैंगस्टर के दर्ज है अभियोग

तरुणमित्र

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा थाना औराई क्षेत्र मोबाइल व भैंस चोरी करने करने वाले अन्तर्जनपदीय 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 01 अदद मोबाइल, चोरी की 01 भैंस व 03 एंड्राइड मोबाइल की बिक्री का खर्च के उपरांत बचा हुआ 2000/-नगद बरामद किया गया। क्षेत्राधिकारी औराई के नेतृत्व में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर थाना औराई पर एंड्राइड मोबाइल व 01 भैंस चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित अन्तर्जनपदीय 02 शातिर चोर को थाना औराई क्षेत्र अन्तर्गत विक्रमपुर महावीर मंदिर के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 01 अदद मोबाइल, चोरी की 01 भैंस व 03 एंड्राइड मोबाइल की बिक्री का खर्च के उपरांत बचा हुआ 2000/-नगद बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के



### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता

1.विकास यादव पुत्र अशोक यादव निवासी चांदपुर कलेक्ट्री फार्म थाना मडुवाडीह जनपद वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष

2.राजेश राजभर पुत्र वचानु राजभर निवासी नारायणपुर नुआंव थाना लंका जनपद वाराणसी उम्र करीब 35 वर्ष

आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

**पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण-** 29.04.2025 को नितेश सोनकर निवासी कोठरा थाना औराई जनपद भदोही द्वारा घर से 04 एंड्राइड मोबाइल व 01 भैंस चोरी होने के सम्बन्ध में थाना औराई पर दिए गए सूचना के आधार पर मु0अ0सं0-186/2025 धारा 305(a) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

**पूछताछ का विवरण-**पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग नशा करने के आदी है जो अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु जनपद वाराणसी,भदोही सहित आस पास के जनपदों में घूम फिर कर चोरी करते हैं । दिनांक 28.04.2025 की भोर में कोठरा हाईवे के किनारे उत्तरी लेन के पास एक मकान से 04 एंड्राइड व भैंस चोरी किए थे। जिसमें 03 एंड्राइड मोबाइल व 01 भैंस को घूम फिर कर राहगीरों को बेच दिया था। मोबाइल व भैंस के बेचने पर मिले रुपये को अपने ऐशो आराम के लिए खर्च कर दिए तथा उसमें से 2000/- बचा हुआ है।

**अनावरित अभियोग का विवरण :** 1.मु0अ0सं0-186/2025 धारा 305(a) बीएनएस थाना औराई जनपद भदोही

### गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास

(I) राजेश राजभर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1.मु0आ0सं0 122/21 धारा 392,411 भा0दा0वि0 थाना जँसा जनपद वाराणसी

2.मु0आ0सं0 124/2021 धारा 401,411 भा0द0वि0 थाना जंसा जनपद वाराणसी

3.मु0आ0सं0 211/2021 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर अधिनियम थाना जंसा जनपद वाराणसी

4.मु0आ0सं0 369/2020 धारा 392 भा0द0वि0 थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी

5.मु0आ0सं0 477/2020 धारा 392 भा0द0वि0 थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी

6.मु0आ0सं0 176/2021 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी

7.मु0आ0सं0 244/2018 धारा411,48 भा0द0वि0 थाना रोहनिया जनपद वाराणसी

(ii)विकास यादव का आपराधिक इतिहास

1.मु0आ0सं0 233/2019 धारा 3/7/25, आयुध अधिनियम थाना कोतवाली जनपद वाराणसी

2.मु0आ0सं0 87/20218 धारा 392,411 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी

3.मु0आ0सं0 40/2018 धारा 380,411,457 भा0द 0वी0 थाना मडुवाडीह जनपद वाराणसी

4.मु0आ0सं0 81/2018 धारा 380,411,427,457भा0द0वि0 थाना मडुवाडीह जनपद वाराणसी

5.मु0आ0सं0 139/2018 धारा 380,411,454 भा0द0वि0 थाना मडुवाडीह जनपद वाराणसी

6.मु0आ0सं0 194/2018 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर अधिनियम 1986 थाना मडुवाडीह जनपद वाराणसी

7.मु0आ0सं0 244/2018 धारा भा0द0वि0 थाना रोहनिया जनपद वाराणसी।।

# धांय-धांयः पुलिस मुठभेड़ में गैंगस्टर जहरीले को लगी गोली, ट्रामा सेंटर में चल रहा है इलाज

### जिला बदर बदमाश से पुलिस की मुठभेड़, हिस्ट्रीशीटर अरूण सोनकर घायल

तरुणमित्र

भदोही में जिला बदर के बाद भी जिले में बेखौफ घूम रहे अपराधी को जब पुलिस ने घेरा तब उसने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में बदमाश को गोली लगी और उसे पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर अरूण सोनकर बताया जा रहा है। घायल होने के बाद अस्पताल में इलाज जारी है। औराई कोतवाली के उगापुर के पास देर रात हुए पुलिस मुठभेड़ में जिला बदर व थाने का हिस्ट्रीशीटर अरुण कुमार सोनकर उर्फ जहरीले सोनकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से हुए जवाबी फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

बताया जा रहा है कि देर रात पुलिस की टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच उगापुर स्थित इंद्रमणि तिवारी के लॉन के पास एक युवक की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर पड़ी। पुलिस द्वारा रोके जाने पर आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस (315 बोर) बरामद किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अरुण सोनकर, जो कि औराई थाना क्षेत्र के कंसापुर हुसैनी का निवासी है, वर्तमान में जिला बदर था और चोरी-छिपे जिले में रह रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामलों में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।



**घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि पुलिस की ओर से हुए जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। उसके खिलाफ आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है।**

# बंद जनऔषधि केन्द्र को लेकर लोगों ने जताई नाराजगी, प्रदर्शन कर बताया उपयोग

तरुणमित्र

**भदोही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपीगंज मे बंद चल रहे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र को लेकर बृहस्पतिवार को लोगों ने नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल पहुंची महिलाओं ने व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कहा कि जन औषधि केंद्र न खुलने से मरीजों को बाहर से महंगे दाम पर दवा लेना पड़ रहा हैं।

गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सस्ते दाम पर दवा उपलब्ध कराने के लिए खोला गया जन औषधि केंद्र लगभग दो माह से बंद चल रहा है। श्रीकांत जायसवाल ने कहा कि भारतीय जन औषधि का लाभ आम जन को न मिल पाना व केंद्र का ताला न खुलना बड़ी लापरवाही हैं। आसपास के मेडिकल स्टोर पर लोगों को दवाइयां महंगे दामों में लेना पड़ रही है।

जिससे उनका आर्थिक शोषण हो रहा है। मांग किया कि इसे जितनी जल्दी हो सके। उतनी जल्दी खोला जाए। मौके पर जरीना बानो, शकुंतला, आरती, मधु, सुनीता, इंदु देवी, सरला बिंद, चांदनी बेगम, कंचन यादव, रेखा यादव, शीला देवी आदि रही।

अधीक्षक डॉ. आशुतोष पांडेय ने बताया कि एक अप्रैल से भारतीय जन औषधि केंद्र का नया ठेका हुआ है। इसको लेकर उच्चाधिकारियों को बताया गया है। जल्द ही इसे खोलवाया जाएगा।



# पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी, सरकार के साथ समाज भी निभाए भूमिका : सीएम

तरुणमित्र

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी-2025 का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर दिया। इस वर्ष की थीम 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' को केंद्र में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख करते हुए प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया है लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। यह केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब तक हम सभी मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक सतत विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब और खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्ढों में डालकर कंपोस्ट बनाया जाता था, तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे और गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअंदाज कर दिया। परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असंतुलन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने गांवों में तालाबों को ड्रेनेज का माध्यम बनाने और गोचर भूमि पर अतिक्रमण जैसे कदमों को आत्मघाती बताया। योगी ने उत्तर प्रदेश के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य का जैव विविधता बोर्ड 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' के विजन को साकार करने के लिए नए अभियान चला रहा है। पिछले आठ वर्षों में वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण कर राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही, नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी को कानपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्मल और अविरल बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। कानपुर, जो कभी नमामि गंगे का सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था, आज वहां गंगा स्वच्छ और जीवंत है। योगी ने जैव विविधता के संरक्षण में स्थानीय परंपराओं और ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सनातन धर्म की उस परंपरा का उल्लेख किया, जिसमें पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को देवताओं के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि पीपल, बरगद और जामुन जैसे वृक्षों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है।




# मुख्यमंत्री योगी ने चित्रकूट और अम्बेडकरनगर में बज्रपात से हुई जनहानि पर जताया शोक

तरुणमित्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट और अम्बेडकरनगर जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने दिवगंतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस आपदा में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व बुधवार को अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी और बारिश प्रदेश भर में हुई। इस आंधी और बारिश में कई जिलों में आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला। चित्रकूट में आंधी, पानी ने भारी नुकसान पहुंचाया है। यहां पर मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत घुरेहटा गांव में रात में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घर के बाहर सो रहे रामबदन(32) पुत्र शिवभजन की मौत हो गई। वहीं जिले में 40 बिजली के खम्भे और करीब 30 पेड़ जगह-जगह गिर गए हैं। अधीक्षण अभियंता चित्रकूट विद्युत विरतण खण्ड आर के यादव ने बताया कि बिजली के पोल गिरने से करीब 50 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। प्रशासन और बिजली विभाग कार्रवाई में जुटा है। वहीं सड़कों आदि पर गिरे पेड़ों को पालिका स्तर पर हटवाने का कार्य किया जा रहा है। उधर, अम्बेडकरनगर के भियांव विकास खंड के ग्राम पंचायत कुसुमखोर में गुरुवार सुबह करीब 5 बजे आकाशीय बिजली गिरने से अजय उर्फ गुड्डू सिंह (46) की मौत हो गई। मृतक अजय अपने मवेशी बांधने गए थे। जैतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# हल्दी रस्म में मां को छोड़कर लौट रहा था युवक, सर्विसलेन पर वाहन की टक्कर, बाइक सवार की मौत

तरुणमित्र

**भदोही।** वाराणसी-प्रयागराज हाईवे के पड़ाव सर्विसलेन के पास वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आया हुआ था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सुरियावां थाना क्षेत्र के कांतिरामपुर निवासी उमेश बिंद (30) पुत्र राजेश बिंद अपनी मां को लेकर कोतवाली क्षेत्र के जौहरपुर गांव अपने मौसी के घर में वैवाहिक समारोह में सम्मिलित होने आए थे। देर रात वे हल्दी की रस्म में मां को पहुंचाकर बाइक से ही घर वापस लौट रहे थे। पड़ाव स्थित पंडित गुलाबधर मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज के पास एक वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। वाराणसी में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक दो भाई में बड़ा था। जिसको एक बेटा भी था। मृतक परदेश में रहकर चालक का कार्य कर परिवार का जीवीकोपार्जन चलाता था। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।



# लविप्रा के दहशत के बावजूद प्राइवेट कम्पनियां खेल रही आंख मिचौली

तरुणमित्र

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (लविप्रा) के बुलडोजरों से शहर के चारों ओर प्लॉट, रो—हाऊस, रेडी टू मूव मकानों को बनाकर बेचने वाली प्राइवेट कम्पनियों के मालिक, प्रबंधक, एजेंट और सहकर्मी दहशत में है। लविप्रा के दहशत के बावजूद लखनऊ में प्राइवेट कम्पनियां आंख मिचौली खेल रही है। लखनऊ में प्रवेश करने वाले पांच प्रमुख मार्गो पर इस वक्त धड़ल्ले से जमीनों की प्लॉटिंग का कार्य हो रहा है। इसमें कानपुर रोड पर बंथरा और उसके आसपास, आईआईएम रोड और उसके आसपास, कुर्सी रोड, सुल्तानपुर रोड और सीतापुर रोड पर स्थानीय प्रापर्टी डीलरों द्वारा प्लॉटों की खरीद बिक्री के बोर्ड लगे हुए है। आनलाइन माध्यम से भी प्रापर्टी डीलरों को अच्छे ग्राहक मिल जा रहा है। कानपुर रोड पर तेरह से पन्द्रह सौ रूपये स्कवायर फीट के रेट से प्लॉट बेच रही कम्पनी के प्रबंधक मनीष ने बताया कि लोगों की आवश्यकता के अनुरूप जमीनों की प्लॉटिंग हो रही है।

छोटे प्लॉट और बड़े प्लॉट दोनों उपलब्ध है। उनकी नई साइट कानपुर रोड से मोहन रोड वाले मार्ग पर है, जहां पंचायत से नक्शा पास कर वे जमीन बेच रहे हैं। प्राधिकरण की अपनी सीमा है, उनकी कार्रवाई का डर तो रहता ही है। फिर भी कोई ठोस आधार पर ही तो कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ में राजाजीपुरम, चौक जैसे पुराने मोहल्लों से बहुत सारे लोग उन्नाव एवं कानपुर रोड की ओर जमीन ले रहे है। उनका मकसद मनपसंद मकान में रहना है। जमीन के अनुसार वे मकान बनवा रहे हैं। हमारे पास जमीन पर मकान बनवाने का भी विकल्प उपलब्ध है। कुर्सी रोड पर रेडी टू मूव मकानों को बेचने वाले मोहम्मद अयाज ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि जमीनों का रेट दिनरात बढ़ रहा है।



# विश्व कछुआ दिवस (23 मई) पर विशेष : उप्र में विभिन्न राज्यों से पकड़े गए कछुओं को किया जा रहा संरक्षित

### कुकरैल, सारनाथ और चंबल में स्थापित किए गए कछुआ संरक्षण केंद्र

तरुणमित्र

**लखनऊ।** जीव-जंतु के प्रति अनुराग रखने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कछुआ संरक्षण की दिशा में भी अभूतपूर्व कदम बढ़ाए गए हैं। 23 मई को विश्व कछुआ दिवस है। कछुआ की जैव समृद्धता व उनके संरक्षण के लिए जनजागरूकता पैदा करने के लिए वर्ष 2000 से विश्व कछुआ दिवस का आयोजन किया जाता है। विभिन्न राज्यों से पकड़े गए कछुओं को उत्तर प्रदेश में लाकर संरक्षित किया जा रहा है। कुकरैल, सारनाथ व चंबल में कछुआ संरक्षण केंद्र तथा प्रयाग के पास कछुआ अभयारण्य केंद्र की स्थापना की गई है। भारत में कछुआ की 30 प्रजाति पाई जाती है, इसमें से 15 उत्तर प्रदेश में मिलती हैं। योगी सरकार का इनके संरक्षण व संवर्धन पर पूरा जोर है।

कछुआ धरती पर पाया जाने वाला सबसे प्राचीन व लम्बी आयु का प्राणी है। यह जलीय पारितंत्र का महत्वपूर्ण घटक भी है। यह पानी के सफाई कर्मी के रूप में भी जाना जाता है। प्राचीन सभ्यताओं से लेकर प्रदेश के इतिहास में विभिन्न रूपों में इनका जिक्र है। कच्छप अवतार के रूम में तो कच्चा हमारी परंपरा में पूजनीय भी है। योगी सरकार के नेतृत्व में वन विभाग कछुओं के संरक्षण के लिये पूर्णतया प्रतिबद्ध है। जलीय स्रोत (नदी, तालाब, झील) आदि प्रदूषित हो रहे हैं। ऐसे में कछुए की कटहवा, मोरपंखी, साल, सुंदरी आदि प्रजातियां जल को प्रदूषण मुक्त रखने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उत्तर प्रदेश वन एवं वन्यजीव विभाग ने कछुओं के विलुप्त होने तथा इनके अवैध व्यापार को रोकने की दिशा में कई प्रयास किये हैं। विभिन्न राज्यों में पकड़े गये उत्तर भारत के कछुओं को वापस उत्तर प्रदेश में लाकर पुनर्वासित किया गया है। यह प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। प्रदेश में तीन केंद्रों (कुकरैल, सारनाथ तथा चंबल) के माध्यम से कछुआ संरक्षण की दिशा में अग्रसर हैं। नमामि गंगे परियोजनाओं के अंतर्गत भी कछुआ एवं उनके प्राकृतिक वास की पहचान के साथ संरक्षित करने की दिशा में कार्य शुरू किया है। प्रयाग के समीप कछुआ अभयारण्य बनाया है। प्रयागराज के डीएफओ अरविंद यादव ने बताया कि 2020 में इसकी स्थापना हुई थी। 30 किमी. के दायरे में यह अभयारण्य है। यह तीन जिलों (प्रयागराज के कोठरी मेजा से होते हुए मीरजापुर, भदोही होते हुए उपरवार) तक फैला है।

**भारत में कछुओं की 30 प्रजातियां , इनमें से 15 उत्तर प्रदेश में :** कछुए की 30 प्रजातियां भारत में पाई जाती हैं। इनमें से 15 प्रजातियां उत्तर प्रदेश में पाई जाती हैं। इनमें से ब्राह्मणी, पचेड़ा, कोरी पचेड़ा, कालीटोह, काला कछुआ, हल्दी बाथ कछुआ, साल कछुआ तिलकधारी, ढोर कछुआ, भूतकाथा कछुआ, पहाड़ी त्रिकुटकी कछुआ, सुंदरी कछुआ, मोरपंखी कछुआ, कटहवा लिथरहवा, स्योंटर फाइटर, पार्वती कछुआ आदि प्रमुख हैं।



# प्रमुख सचिव ने आठ आईएफएस अधिकारियों से भेंट कर दी साहित्य व प्रचार सामग्री

तरुणमित्र

**लखनऊ ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने गुरूवार को मिशन मुख्यालय में मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भ्रमण पर आए भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के आठ अधिकारियों से भेंट की। प्रमुख सचिव ने भेंट के दौरान सभी आईएफएस अधिकारियों को मिशन से संबंधित उपयोगी साहित्य एवं प्रचार सामग्री भेंट की। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने राज्य कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी दी। विशेष सचिव अभिषेक सिंह एवं मिशन के अधिकारियों की ओर से प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रदेश में कौशल विकास के क्रियान्वयन, नवाचारों तथा युवाओं के सशक्तिकरण के लिए की जा रही पहलों को साझा किया। प्रमुख सचिव एवं विशेष सचिव ने आईएफएस अधिकारियों के साथ भावी रणनीतियों एवं संभावित समन्वय के अवसरों पर भी चर्चा की, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण एवं सतत विकास के लक्ष्यों के साथ कौशल प्रशिक्षण को जोड़ा जा सके। इस अवसर पर मिशन के संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, इन्वेस्ट यूपी के महाप्रबंधक राजीव दीक्षित, कौशल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर आरपीएफ के सैकड़ों अधिकारियों और जवानों से ठगी

- अधिकारियों और जवानों ने सोसायटी लोन पर्सनल लोन ,पीएफ निकाल कर किये निवेश,आरपीएफ मुंबई मंडल ने निकाली एडवाइजरी

तरुणमित्र/ब्यूरो



**नवी मुंबई।** आरपीएफ के मुंबई मंडल के सैकड़ो अधिकारियों और जवानों को शेयर मार्केट में पैसा लगाने के बदले अधिक रिटर्न का लालच लेकर उससे कथित तौर पर करोड़ो से अधिक की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है. विशेष की अधिकारियों और जवानो ने सोसायटी लोन , पर्सनल लोन ,पीएफ और रिश्तेदारों से पैसे लेकर निवेश किये थे. लेकिन अब यह ठग पैसे लेकर फरार हो गया है. जिसके बाद अब आरपीएफ अधिकारी और जवान मानसिक रूप से तनाव में है. अब ठगी के शिकार होने पर आरपीएफ मुंबई मंडल के तरफ से एडवाइजरी निकाल कर इस ठग के बहकावे में नहीं आने का सूचना दिया गया है. सूत्रों के अनुसार ओम प्रकाश यादव नाम का यह ठग पिछले साल से ही अंजाम दे रहा था.सूत्रों के अनुसार ठग ने पहले अधिकारियो और जवानो को निवेश पर काफी रिटर्न दिया जिसके बाद उसके विश्वास में आकर अन्य अधिकारियो और जवानो ने इस ठगी को अंजाम दिया है. विभागीय जांच के डर के कारण अधिकारी या जवान सामने नहीं आ रहे है ऐसे मे मुंबई के नागमणि पांडेय ने इस संदर्भ मे अधिकारियों ओर जवानों को न्याय दिलाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री सहित पुलिस महासंचालक ,पुलिस आयुक्त को लिखित पत्र देकर इस मामले को संज्ञान मे लेकर कार्रवाई करने की मांग की है जिससे की मानसिक तनाव मे चल रहे अधिकारियों और जवानों को न्याय मिल सके।

**शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी :** नागमणि पांडेय ने बताया कि ओम प्रकाश यादव ने पहले उसके पहचान के कुछ अधिकारी और जवानों से संपर्क किया और उसे आकर्षक रिटर्न का लालच देते हुए 'शेयर' में पैसा लगाने का लालच दिया. उसके झांझे में आकर अधिकारियो और जवानों ने सोसायटी से कर्ज लेकर पर्सनल लोन लेकर और रिश्तेदारों से पैसे लेकर ओम प्रकाश यादव के खाते में भुगतान किया. पहले कुछ महीने दिए. इसके बाद दूसरे अधिकारी और जवान भी इस लालच में आकर पैसे भरने शुरू कर दिए. लेकिन अचानक पैसे देना बंद कर दिया. ओम प्रकाश ने बताया था कि पिछले महीने अचानक मार्केट में नुकसान होने के कारण पैसे नहीं दे पा रहा हूं. लेकिन अगले कुछ महीने में देगा. लेकिन अब अचानक मोबाईल बंद कर गायब हो गया है. भुगतान करने के बाद जब उसे कोई धन नहीं मिला तो अधिकारी और जवानो को उनके साथ धोखाधड़ी का एहसास हुआ और अब मुंबई मंडल के तरफ से एडवाइजरी निकाल कर अधिकारियों और जवानों को अलर्ट किया गया है. सूत्र बता रहे है की आरोपी ने मुंबई मंडल के साथ ही दूसरे मंडल के आरपीएफ जवानों और कर्मचारियों को ठगी को अंजाम दिया है ठगी के शिकार अधिकारियो और जवानो द्वारा अभी तक शिकायत नहीं की गई है। थार गाडी से चलता था ठग जवानों और अधिकारियों को अपने ठगी का शिकार बनाने वाले ओम प्रकाश यादव अधिकारियों और जवानों से मिलने के लिए थार गाडी से जाता था. ऐसे अधिकारी भी उसके झांसे में आते थे अधिकारियों से मिलने वाले सम्मान को देख जवान भी उसके सेवा सत्कार में जुट जाते थे।

# मामूली बात को लेकर 2 युवकों की पिटाई, हमलावरों की तलाश

तरुणमित्र/ब्यूरो




**नवी मुंबई।** मामूली बात को लेकर अज्ञात दो युवकों की बेरहमी से पिटाई किये जाने का मामला खारघर से सामने आया है.इस संबंध में खारघर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर मामला दर्ज कर तलाश सुरु की है। प्राप्त जानकारी अनुसार खारघर सेक्टर 13 के रहनेवाले राहुल पाटिल के मुताबिक बुधवार रात साढ़े 8 बजे के करीब उनके छोटे भाई ने फोन कर बताया कि पनवेल का रहनेवाला उनका एक दोस्त खारघर आया था।

जिसके कारण उनका छोटा भाई भूषण एंव उनका दोस्त दोनों खारघर सेक्टर 20 स्थित एक मिटाई की दुकान में जा रहे थे.इसी बीच रफ्तार से आ रही एक कार को उनका कट लगा. जिसके कारण गाड़ी से तलोजा से आये लोग उनसे बहस करने लगे.जिसके बाद राहुल भी वंहा पहुंचा. लेकिन उनके पहुंचते ही और लोग वंहा आकर दोनों भाइयों की पट्टे-लात घुस्सो से बेतहमी से पिटाई कर फरार हो गए। कड़ी कार्यवाई की उठी मांग बुधवार रात हुई घटना से नागरिको में भय का माहौल है. खारघर सेक्टर 20 में थोड़ी कहासुनी के बीच असामाजिक कंकडों ने तलोजा से 100 से अधिक संख्या में आकर खारघर गांव के दो बच्चों को बुरी तरह मारा मॉब लिचिंग का प्रयास किया गया. खारघर में ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं. अगर समय पर लगाम ना लगाया गया तो आनेवाले समय मे ऐसे मनचलों की दहशत बढ़ती ही जाएगी. ऐसे लोगो के कारण ही दो समाज मे विवाद का माहौल बनता जा रहा है. जिसके कारण पुलिस से ऐसे लोगो ओर शख्स कार्यवाई की मांग नागरिको द्वारा की जा रही है।

# एक दिन की बारिश ने भिवंडी एसटी बस स्थानक को फिर किया जलमग्न, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

तरुणमित्र / अनिल वर्मा



**भिवंडीः** शहर के मध्यवर्ती क्षेत्र में स्थित एसटी बस स्थानक एक बार फिर बेमौसम बारिश के कारण पानी में डूब गया है। बुधवार की मध्यरात्रि के बाद हुई तेज बारिश से बस स्थानक परिसर में बड़े-बड़े पानी के गड्ढे बन गए हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हर साल बारिश के मौसम में पानी भरने की समस्या के चलते भिवंडी एसटी स्थानक चर्चा में रहता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए कुछ महीने पहले प्रशासन द्वारा स्थानक परिसर में फेवर ब्लॉक बिछाए गए थे। उम्मीद जताई जा रही थी कि इससे जलजमाव की समस्या पर नियंत्रण पाया जाएगा। लेकिन बुधवार रात की बारिश ने फिर से प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। बस स्थानक के मुख्य मार्ग पर पानी भर जाने से यात्रियों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे इससे सबसे अधिक प्रभावित हैं। कुछ यात्रियों ने बताया कि उन्हें चप्पल हाथ में लेकर पानी में से होकर बस पकड़नी पड़ी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन ने केवल दिखावा किया है, वास्तविक जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से जलनिकासी की पक्की व्यवस्था करने और स्थानक परिसर का मूलभूत रूप से सुधार करने की मांग की है।

# मामूली विवाद में ले लिया युवक की जान क्राइम ब्रांच द्वारा धरे गये सभी आरोपी


तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी




पालघर। जिले की तारापुर थाना अंतर्गत पास्थल गांव के समीप मुख्य सड़क के किनारे स्थित आंबटगोट मैदान में बीते 15/16 मई की रात एक 36 वर्षीय युवक अभिषेक राम सिंह की बेरहमी से की गयी हत्या के मामले को स्थानीय अपराध शाखा पालघर की टीम ने खुलासा करते सभी आरोपियों को पकड़ लिया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक 16 मई,शुक्रवार सुबह आंबटगोट मैदान में एक युवक की लाश दिखे जाने की सूचना तारापुर थाने में दिये जाने के उपरांत मौके पर पड़ताल के लिए पहुंची पुलिस और स्थानिय अपराध शाखा पालघर के प्रभारी पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटील ने सबसे पहले शव की शिनाख्त के बाद मृतक के पिता रामकालिका सिंह(60)की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच का सिलसिला बढ़ाते तकनीकी सयंत्रों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्या में शामिल अज्ञात आरोपियों की तलाश में अलग-अलग टीमें बनाकर खोजबीन करते सात ऐसे युवकों को धर दबोचा है जो मुश्किल से 20वर्ष के अंदर है उनमें एक नाबालिग भी बताया जा रहा है। आरोपियों ने कड़ाई से पुछताछ में हत्या के कारण का जिक्र करते पुलिस से कहा कि देर रात मुख्य सड़क से गुजरते वक्त मृतक को वहां पड़े देख कहासुनी में मामूली विवाद ने ऐसा रुप अख्तियार किया कि मारपीट में सर पर गंभीर चोट के कारण युवक की मौत हो गयी।

# ठाणे शहर में कोरोना के तीन मरीज मिले, मनपा स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

तरुणमित्र / ब्यूरो



**ठाणे :** 5 साल से हर जगह तांडव मचा रहे कोरोना वायरस के प्रकोप पर जहां 3 साल पहले काबू पा लिया गया था और मरीजों की संख्या शून्य हो गई थी, वहीं पिछले 2 दिनों में ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में कोरोना वायरस के 3 मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। इन मरीजों के लिए कलवा स्थित महानगर पालिका छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में 19 बिस्तरों वाला एक अलग वार्ड बनाया गया है। 5 साल पहले, 2020 में, कोरोनावायरस का प्रकोप पूरी दुनिया में फैल गया था। देश, राज्य और ठाणे में कोरोना मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही थी। अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त बिस्तर उपलब्ध नहीं थे। कोरोना के कारण कई मरीजों की मौत हो गई थी। इस वायरस ने हर किसी के मन में भय पैदा कर दिया था। 3 साल पहले, कोरोना वायरस के प्रकोप को नियंत्रण में लाया गया था और स्थिति सामान्य हो गई थी तथा कोरोना वायरस रोगियों की संख्या शून्य हो गई थी। इसके बाद जहां शहर में जनजीवन सामान्य हो गया है और सुचारू रूप से जारी है, वहीं 2 साल बाद ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में पिछले 2 दिनों में कोरोना के 3 मरीज मिले हैं। तीनों मरीजों में हल्के लक्षण हैं और उनका घर पर ही इलाज चल रहा है। ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में 3 कोरोना वायरस मरीज पाए गए हैं और उनमें हल्के लक्षण हैं। इन मरीजों को घर पर ही इलाज मिल रहा है। महानगर पालिका के स्वास्थ्य केंद्र में संदिग्ध कोरोना वायरस रोगियों की एंटीजन जांच की जा रही है। निजी मरीजों को भी ऐसे परीक्षण कराने तथा कोई मामला पाए जाने पर इसकी सूचना देने का निर्देश दिया गया है। महानगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में 19 बिस्तरों वाला एक अलग वार्ड बनाया गया है, जिसमें 15 गहन चिकित्सा बिस्तर और 4 साधारण बिस्तर हैं। इस संबंध में ठाणे महानगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल से संपर्क करने पर उन्होंने इस खबर की पुष्टि की।

# शादी का झांसा देकर महिला से किया दुष्कर्म, आरोपी फरार

तरुणमित्र / ब्यूरो

**भिवंडीः** 31 वर्षीय महिला को शादी का झांसा देकर बार-बार शारीरिक शोषण करने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोपी युवक ने खुद को बीमार बताकर महिला को अपने घर बुलाया, शादी की कसमें खाईं और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। बाद में आरोपी ने शादी से मुकरते हुए महिला से दूरी बना ली। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर भोईवाड़ा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी इस वक्त फरार है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पीड़िता भिवंडी के भोईवाड़ा क्षेत्र की रहने वाली है। आरोपी अजगर उर्फ अफगर खान (उम्र 32) की पीड़िता से पहले से जान-पहचान थी। आरोपी मदीना होटल के पास एक इमारत में रहता है। उसने 4 मार्च से 30 मार्च के बीच पीड़िता को बार-बार शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। 29 मार्च को आरोपी ने खुद को बीमार बताकर पीड़िता को अपने घर बुलाया और उसके सामने शादी करने की कसमें खाईं। उसने कहा कि वह उसे कभी अकेला नहीं छोड़ेगा और इसी विश्वास में पीड़िता ने उसके साथ संबंध बनाए। लेकिन बाद में आरोपी ने महिला से दूरी बना ली और मिलने से भी इनकार कर दिया। महिला ने जब खुद को ठगा हुआ महसूस किया तो उसने भोईवाड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर धोखा दिया।

# मुंब्रा में बारिश से बढ़ीं मुश्किलें, घरों में घुसा पानी, नालों की सफाई न होने से कई जगहों पर जलभराव

तरुणमित्र / सारा पुरी



**मुंब्रा।** आनंद कोलीवाड़ा स्थित नारायण नगर में बुधवार रात को हो रही लगातार बारिश के कारण लोगों के घरों में नाले का गंदा पानी घुस जाने से लोगों को रातभर परेशानी का सामना करना पड़ा है। मुंब्रा पुलिस स्टेशन समीप के नाले का सफाई नहीं होने के कारण नाले का गंदा पानी में घरों में घुस आया। स्थानीय रहवासी ने बताया कि महानगर पालिका कई बार नाला की सफाई के लिए कहा गया था, लेकिन पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते तेज बारिश कारण नाले का पानी घुटनों तक घरों में घुस आया। जिससे घर का रखा हुआ सामान खराब हो गया है। वहां के रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताया कि बुधवार की शाम से रुक-रुककर बारिश हो रही है। नालों की सफाई न होने से कई इमारत में पानी भर गया है। गंदा पानी कई लोगों के घरों में भी घुस गया है। रात को लोग ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। लोगों के किचन तक में पानी भर गया। लोग सुबह तक पानी निकासी का इंतजाम करने में परेशान होते रहे। लोगों ने बताया कि मोहल्लों में जलभराव से आना-जाना मुश्किल हो गया है। जिसके कारण रहवासियों में पालिका के खिलाफ काफी आक्रोश है।

## प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता, वृक्षारोपण, रैली और स्वच्छता की शपथ

# जैव विविधता दिवस पर कोपरी में मनपा और नागरिकों के सहयोग से बड़े पैमाने पर चला सफाई अभियान

तरुणमित्र / ब्यूरो





**ठाणे।** पर्यावरण संरक्षण न केवल समय की मांग है बल्कि भविष्य के लिए जिम्मेदारी भी है। बढ़ते शहरीकरण के साथ-साथ प्लास्टिक और उससे उत्पन्न कचरे के बढ़ते उपयोग से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। इस पृष्ठभूमि में, ठाणे नगर निगम के ठोस अपशिष्ट विभाग ने विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर एक अनूठा और सहभागी स्वच्छता अभियान चलाया। यह विशेष कार्यक्रम ठाणे पूर्व के कोपरी अनुभाग में आयोजित किया गया था। स्वामी समर्थ मठ मार्ग, जो अक्सर प्लास्टिक की थैलियों, थर्मोकोल और अन्य कचरे से अटा रहता है, इस पहल का केन्द्र बिन्दु बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत अष्टविनायक चौक से हुई. यहां उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता को बढ़ावा देने और प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने की शपथ ली। इसके बाद भव्य जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रतिभागी हाथों में तख्तियां, बैनर और पर्यावरण संबंधी नारे लिखे बैनर लेकर सड़कों पर मार्च कर रहे थे। पूरा क्षेत्र "प्लास्टिक मुक्त ठाणे", "स्वच्छता एक सेवा है", और "प्रकृति हमारी है, जिम्मेदारी हमारी है" जैसे नारों से भरा हुआ था। रैली के बाद नागरिकों ने प्रत्यक्ष कार्रवाई में भाग लिया। स्वामी समर्थ मठ मार्ग पर जमा हुए कूड़े-कचरे, प्लास्टिक की थैलियों, आंशिक रूप से जले हुए कूड़े-कचरे और खाद्य थैलियों को उचित तरीके से छांटकर एकत्र किया गया। कुछ स्थानों पर सड़कों के किनारे भी पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक प्रांगण सफाई प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस पहल में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, प्रभागीय अधिकारी लक्ष्मण पुरी, मुकेश नेसवणकर के साथ ही प्रभाग के सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर चव्हाण, पांडुरंग दलवी, स्वप्निल कोली, गणेश मुकदम आदि की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। कई स्थानीय नागरिकों, महिला समूहों और युवाओं ने भी स्वेच्छा से योगदान दिया। मनपा की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रानी शिंदे ने बताया कि ठोस अपशिष्ट विभाग ने इस पहल के माध्यम से ऐसे अभियान सिर्फ एक दिन के लिए नहीं, बल्कि लगातार लागू करने का संकल्प व्यक्त किया है। नागरिकों को प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभाव, मिट्टी में प्लास्टिक के मिश्रण के कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी तथा पशु स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी देकर विचारोत्तेजक संदेश दिए गए।

# रिश्वत लेने के आरोप में राशन वितरण निरीक्षक को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने किया गिरफ्तार

तरुणमित्र / युसुफ पुरी




**ठाणेः** ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने एक राशन वितरण दुकान के खिलाफ कार्रवाई से बचने के लिए 48 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एक राशन वितरण निरीक्षक को गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कहा कि उसने वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य राशन वितरण निरीक्षकों के लिए रिश्वत ली थी। रिश्वत लेने वाले राशन वितरण निरीक्षक का नाम सागर साहेबराव वराले है। वह मुंबई के राशन नियंत्रक और नागरिक आपूर्ति निदेशक कार्यालय में राशन निरीक्षक (निरीक्षण) के पद पर कार्यरत हैं। शिकायतकर्ता की ठाणे शहर में 4 राशन वितरण दुकानें हैं। सागर ने परिवादी से मांग की थी कि वरिष्ठ अधिकारियों व अन्य राशन वितरण निरीक्षकों को 2-2 हजार रुपए का भुगतान किया जाए। ताकि इन दुकानों के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए। 2 हजार रुपये के हिसाब से सागर ने 4 दुकानों के लिए 6 महीने की किश्त के रूप में 48 हजार रुपये मांगे थे, शिकायतकर्ता ने इस संबंध में ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर टीम ने 19 मई को शिकायत का सत्यापन किया। इसमें स्पष्ट हुआ कि रिश्वत मांगी गई थी। इसके बाद ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधीक्षक शिवराज पाटिल के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक रूपाली पोल के नेतृत्व में एक टीम ने जाल बिछाया। उस समय टीम ने सागर को परिवादी से 48 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में कलवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

स्वामी-स्व. कैलाशनाथ प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक स्वतंत्र कुमार द्वारा नवभारत प्रेस लिमिटेड, नवभारत भवन प्लाट नंबर-13 सेक्टर 8 सानपाडा (पूर्व) नवी मुंबई : 470709 से मुद्रित एवं पत्रकार सदन लोकमान्य नगर नं. 4 ठाणे- 400606 महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI No. MAHHIN/2008/27046 संपादक- स्वतंत्र कुमार सिटी कार्यालय- गाला नं. 61 दादोजी कोंडदेव स्टेडियम खारटन रोड, ठाणे(वेस्ट) महाराष्ट्र, मोबाः 09415287970, 7400223777, 9892789606, कार्यकारी संपादक - शेष नारायण त्रिपाठी ईमेल tarun.thana@gmail.com, www.tarunmitra.in * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं उत्पन्न समस्त विवाद ठाणे न्यायालय के अधीन होंगे।